53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.4°c अधिकतम 32.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:23, सूर्यास्त - 7:23 | वर्ष : 53/ अंक : 181 | बुधवार, 02 जुलाई 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

इंसान कर्म करने में तो अपनी मनमानी कर सकता है, मगर फल भोगने में नहीं।

हमारे ऊपर टिप्पणी करने वालों की रोटी पच रही है, भगवान करें उनकी रोटी पचती रहे : धीरेंद्र शास्त्री



एक साधु तो कल्याण ही की कामना करता है.......

# जब भाई ले जाने लगे अपनी बहन को तो सन्नी देओल की तरह प्रेमी अड़ गया गाड़ी के आगे

**मुजफ्फरनगर, 1 जुलाई (बु.)।** अजीबो गरीब दीवानगी, सड़क पर खड़ा दीवाना बोला - नौ साल से है मुझे मेरी प्रेमिका से प्यार, कोर्ट मैरिज करने के बाद भी प्रेमिका के परिजन जबरदस्ती मुजफ्फरनगर से ही उठा ले गए प्रेमिका को। जी हां कभी-कभी प्रेम की दीवानगी ऐसे सिर चढ़कर बोलती है कि शायद प्रेमी को यह ही नहीं पता लगता कि वह कह क्या बैठा है? ऐसा ही एक प्रेम दीवाना जीवम जोकि नगर की ही शिवपुरी कॉलोनी का निवासी है। जीवम एकाएक एक स्वीफ्ट गाड़ी के आगे घुटने टेककर हाथ से रोककर सन्नी देओल की तरह खड़ा हो गया और कहने लगा कि इस गाड़ी को आगे जाने नहीं दूंगा। जब मीडिया कर्मियों ने इस पूरे मामले को देखा तो जीवम ने भावुक होकर पूरी दीवानगी के साथ अपनी दास्तां बता डाली और कहा कि मेरी प्रेमिका जिसके साथ मैंने कोर्ट मैरिज कर ली है, उसके भाई जोकि दिल्ली उत्तमनगर निवासी हैं, उठा ले गए हैं। दीवाने प्रेमी ने बताया कि वह उसे बचपन से प्रेम करता है, जब वह नौ साल की थी, तभी से उसे प्रेम हो गया था। मीडियाकर्मियों ने उक्त दीवाने की बात रिकॉर्ड तो कर ली मगर यह नहीं समझ पाए कि नौ साल की उम्र में कब से प्रेम होने लगा। कुल मिलाकर उक्त हाईटेंशन दीवानगी को देखकर सभी हैरत में रह गए और भाई प्रेमी के सामने ही प्रेमी के अरमान कुचलते हुए अपनी बहन को घर वापस ले गए। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ था। बाद में बालिग युवती ने अपने परिजनों के साथ जाने की इच्छा जाहिर की थी, जिसे उसे उसके परिजनों के साथ दिल्ली भेज दिया है।



प्रेमी जीवम





# फीस के अभाव में नहीं रुकनी चाहिये बिटिया की पढ़ाई : योगी

**गोरखपुर, 1 जुलाई (वार्ता)।** गोरखपुर जिले में कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलपुर की रहने वाली कक्षा सात की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन (एक जुलाई) आजीवन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी, लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही पढ़ाई में आड़े आ रही आर्थिक बाधा दूर हो गई। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा सात में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी। मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी ने कहा कि महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इतंजाम करा दीजिए। मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है। पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा 12 में पढ़ने वाला भाई भी है। पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण आज वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की गुहार लेकर आई है। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी की बातों को सुनने के बाद कहा कि बिल्कुल परेशान मत हो। पढ़ाई बाधित नहीं होने देंगे। फीस माफ कराने के लिए बात कराएंगे। और, माफ न होने की दशा में फीस का इंतजाम खुद करा देंगे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन दौरान करीब 100 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, सबकी समस्याओं का समाधान होगा।



## राम मंदिर से शुरू हुआ सौ करोड़ लोगों को मंदिर मठ तक लाने का अभियान

**अयोध्या 1 जुलाई (वार्ता)** महाराष्ट्र की एक धार्मिक संस्था ने दशहरे तक सौ करोड़ लोगों को मठ मंदिर समेत अन्य श्रद्धा केंद्र तक लाने का बीड़ा उठाया है और इसकी शुरूआत मंगलवार को श्रीरामजन्मभूमि पर स्थित मंदिर से की गयी। मन्दिर सेतु नामक संस्था ने आगामी विजयदशमी तक सौ करोड़ लोगों को मठ, मन्दिर और अन्य श्रद्धा केन्द्रों तक पहुंचाने और प्रार्थनाएं आयोजित करने का लक्ष्य रखकर आज श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर से इसका श्रीगणेश किया। विजयदशमी आने में लगभग दो महीने का समय शेष है, इसी मध्य मन्दिर सेतु ने पूरे देश में हिन्दुओं को परिवार समेत श्रद्धा केन्द्रों से जोड़ने और प्रार्थनाएं आयोजित करने का बीड़ा उठाया है। इस सिलसिले में आज मन्दिर सेतु के अमित कुमार,पराग शेंदे, नितिन काले आदि ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय से भेंट की और वृहद अभियान के लिए समर्थन मांगा। महामंत्री ने उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मन्दिर सेतु के लोगों ने आज श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर पहुंच कर प्रार्थना से इस अभियान का प्रारम्भ किया। उन्होने बताया कि वे दुर्गा पुजा व श्री राम लीला आयोजन समितियों को भी इस अभियान से जोड़ेंगे साथ ही मुख्यमंत्रियों, सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों से भी इस सम्बन्ध में बात चल रही है। सभी से सहमति पत्र लेकर वे देश के कोने-कोने में संदेश पहुंचाएंगे और हिन्दू परिवारों से निकटतम श्रद्धा केन्द्रों पर विजयदशमी तक सौ करोड़ प्रार्थनाएं करने का लक्ष्य पूरा करेंगे।

# यशवीर महाराज व उनके शिष्य गए बच, 6 सहयोगी गए फंस

**मुजफ्फरनगर, 1 जुलाई (बु.)।** चार दिन पहले स्वामी यशवीर महाराज ने कांवड़ यात्रा में धर्म, जाति, नाम की की पहचान उजागर करने के लिए अभियान चलाया था। इस अभियान के दौरान उन्होंने दिल्ली देहरादून हाइवे स्थित पंडित शुद्ध वैष्णो भोजनालय पर छापामारी कर एक मुस्लिम संचालक की पहचान उजागर की थी। आरोप था कि इस मामले में यशवीर महाराज की टीम ने होटल पर मौजूद एक कर्मचारी के साथ अभद्रता करते हुए उसकी पेंट उतरवाने का प्रयास किया था। इस मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। उसके बाद होटल के प्रबंधक ने संचालक पर मारपीट का आरोप लगाया था। अब उक्त मामले में नई मण्डी कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए यशवीर महाराज व उनके एक शिष्य को तो एक साइड कर दिया मगर सुमित बंजरगी दतियाना, रोहित निवासी रामपुरी, विवेक निवासी आनंदपुरी, सुमित निवासी सुभाषनगर, सन्नी निवासी बचन सिंह कालोनी व राकेश निवासी दतियाना को नोटिस भेजकर थाने में बयान के लिए तलब किया है। इस मामले में अन्य लोगों को भी नोटिस भेजकर बयान लिए जाएगे। अब देखना यह होगा कि यशवीर महाराज व उनके शिष्य को बचाकर और इन 6 लोगों को नोटिस भेजकर प्रशासन क्या साबित करना चाहता है? फिलहाल तो इन छह लोगों पर खतरा मंडरा रहा है और चर्चा यह भी है कि अब इन छह लोगों को बचाने के लिए जिस तरह से यशवीर महाराज धरने की घोषणा कर देते थे, इनके लिए कहां, कब और किस वक्त धरने की घोषणा करेंगे।



# महिला को शादी का झांसा देकर रुपये ठगने वाला नकली पुलिस हैड कांस्टेबल नौशाद त्यागी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 1 जुलाई (बु.)।** मंगलवार को पुलिस लाइन में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि शहर कोतवाली में तहरीर देते हुए एक महिला ने बताया था कि आरोपी नौशाद त्यागी उर्फ रिक्की त्यागी उर्फ राहुल त्यागी जोकि गांव मुर्दा पट्टी थाना चरथावल का रहने वाला है, ने खुद को पुलिस विभाग में कांस्टेबिल बताकर उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था। आरोपी ने उससे शादी का झांसा देकर 2.75 लाख रुपये नकद व 3 लाख रुपये के जेवरात हड़प लिए। मंगलवार को पुलिस ने महिला की शिकायत दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपी को चरथावल रोड से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस की वर्दी, सीटी डोरी, उप्र पुलिस बैच, बैल्ट, नेम प्लेट व एक पुलिस कैप बरामद की गयी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने मुजफ्फरनगर के साथ साथ असम, दिल्ली, गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेघालय में कई महिलाओं को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उनसे रुपये हड़पे थे। वह गांव में लोगों को भी पुलिस विभाग में बताकर रौब गालिब करता था। कई पुलिसकर्मियों से भी उसके अच्छे सम्बंध बन चुके हैं। पिछले तीन साल से आरोपी इसी तरह महिलाओं को अपना शिकार बनता था। वह अधिकतर ऐसी महिलाएं, जोकि विधवा हैं या फिर किसी कारणवश अपने पति से अलग रह रही हैं, को अपना शिकार बनाता था।

## सिपाही साथी की सम्भल से चुराई थी वर्दी

**मुजफ्फरनगर, 1 जुलाई (बु.)।** पुलिस बनकर महिलाओं को शिकार बनाने वाले आरोपी ने तीन साल पहले सम्भल में तैनात अपने साथी की वर्दी चोरी कर ली थी। उसका साथी पुलिस विभाग में तैनात है और उसका नाम भी नौशाद ही है। उसका साथी चुनाव ड्यूटी में गया था। गलती से उसकी वर्दी उसके बैग में ही रह गयी। वहीं उसकी वर्दी को लेकर अपने साथ आ गया और प्लान बताकर महिलाओं को अपने जाल में फंसाने का काम शुरू कर दिया।



## आरोपी के मोबाइल से मिली आपत्तिजनक वीडियो

**मुजफ्फरनगर।** पकड़े गए आरोपी का मोबाइल पुलिस ने चैक किया तो उसके मोबाइल से कई महिलाओं की आपत्तिजनक वीडियो मिली हैं। उसने पुलिस को बताया कि उसकी 20 गर्ल फ्रेंड हैं और दस से अधिक महिलाओं को अपना शिकार बना चुका है। पुलिस उसका मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर अन्य महिलाओं से भी सम्पर्क कर रही है।

# एक साथ उठा पति पत्नि का जनाजा... मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर लौट रहे थे घर

**बुढ़ाना, 1 जुलाई (बु.)।** सोमवार की देर रात एक ट्रक से कुचलकर मौत के मुंह में समाए दम्पत्ति को मंगलवार की दोपहर नम आंखों से सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। घटना को लेकर मौहल्ले में शोक व्याप्त है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे में नई तहसील के सामने रहने वाले कांधला रोड निवासी लगभग 54 वर्षीय शमशाद अहमद पुत्र मेहरदीन सैफी बीती सोमवार की देर रात लगभग पोने 11 बजे बाइक पर 45 वर्षीया अपनी पत्नि जमशीदा को लेकर लुहसाना रोड पर स्थित अय्यूब सैफी के मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों दम्पत्ति पुराने बिजलीघर के पास आए तो तेज रफ्तार ट्रक चालक ने ट्रक बाइक सवार दम्पति पर चढ़ा दिया और उनको कुचलकर फरार हो गया। उधर दम्पत्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि प्रत्यशदर्शियों ने ट्रक के पीछे दौड़ लगा दी और चालक को बुढ़ाना पुलिस के सहयोग से पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। आज मंगलवार की दोपहर डेढ़ बजे दोनों के शव बुढ़ाना आए तो परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। दोपहर में दोनों को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री है। घटना को लेकर पूरे मौहल्ले में शोक व्याप्त है। प्रत्यशदर्शियो के अनुसार ट्रक का चालक शराब के नशे में धुत्त था। उधर बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को जेल भेज दिया है।



# नौसेना को मिला नया स्वदेशी स्टेल्थ फ्रिगेट उदयगिरि

**नयी दिल्ली/ पणजी 01 जुलाई (वार्ता)** मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएसएल) में निर्मित प्रोजेक्ट 17ए का दूसरा स्टेल्थ फ्रिगेट उदयगिरि मंगलवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। यह प्रोजेक्ट 17ए के तहत शिवालिक श्रेणी का दूसरा जहाज है। इस श्रेणी के कुल सात स्टेल्थ युद्धक पोत (फ्रिगेट्स ) बनाए जाने हैं और इन्हें अगले वर्ष के अंत तक नौसेना को सौंपा जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि उदयगिरि को तय तारीख से पहले 37 महीने के रिकॉर्ड समय में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। यह फ्रिगेट बहुत-से मिशनों के लिए कार्य करने में सक्षम है। इसमें रडार या अन्य टोही उपकरणों से बचकर कार्रवाई करने की विशेषताएं बढ़ाई गई हैं। ये जहाज अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से लैस हैं। इन जहाजों पर भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो की अपनी अभूतपूर्व डिजाइन क्षमताओं की छाप है। ये पोत पूर्ववर्ती पी-17 जहाजों की तुलना में 4.54 प्रतिशत अधिक बड़े हैं। इन जहाजों को पी-17 वर्ग की तुलना में अधिक आधुनिक और रडाररोधी विशेषताओं वाले उन्नत हथियारों और सेंसर से लैस किया गया है। इस जहाज को सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी गन तथा तीव्र गति से गोलाबारी करने वाली 30 मिमी और 12.7 मिमी की हथियार प्रणालियों से लैस किया गया है। जहाज निर्माण और रोजगार सृजन में आत्मनिर्भरता- नौसेना को उदयगिरि को सौंपा जाना देश के जहाज डिजाइन, जहाज निर्माण और इंजीनियरिंग कौशल को प्रदर्शित करता है, जो 200 से अधिक एमएसएमई के सहयोग से बने सुदृढ़ औद्योगिक माहौल से सक्षम हुआ है। यह युद्धपोत स्वदेशी ओईएम से प्राप्त प्रमुख हथियारों और सेंसर से सुसज्जित है। पी17ए श्रेणी के शेष पांच जहाज एमडीएल, मुंबई और जीआरएसई, कोलकाता में निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं और 2026 के अंत तक क्रमिक रूप से नौसेना को सौंप दिए जाएंगे।






## जानलेवा हमले के आरोपी को दस साल की सजा, 20 हजार रुपये का अर्थदण्ड

**मुजफ्फरनगर, 1 जुलाई (बु.)।** खतौली थाना क्षेत्र के गांव पीपलहेड़ा में युवक व युवती पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को न्यायालय ने दस साल की सजा व 20 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी कमल कुमार ने बताया कि खतौली थाना क्षेत्र के गांव पीपलहेड़ा में 7 नवम्बर 2020 को गांव के आरोपी राहुल ने पिस्टल से सुनील कुमार की बेटी व एक अन्य युवक संगम को पिस्टल से गोली मारकर घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए मेरठ भर्ती कराया, वहां दोनों का ऑपरेशन कर गोली निकाली गयी। एडीजीसी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। खतौली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। एडीजीसी ने बताया कि मामले की सुनवाई कोर्ट नम्बर 6 की न्यायाधीश रेखा सिंह की कोर्ट में हुई। कोर्ट में 8 गवाह पेश किए गए कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए आरोपी को दस साल की सजा व 20 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# अब बिना फिटनेस नहीं चलेंगे स्कूली वाहन, होगी कार्रवाई

**▶▶ एआरटीओ प्रवर्तन ने टीम संग चलाया चैकिंग अभियान**

**▶▶ कागजों की कमी में सीज किए गए चार स्कूली वाहन**

**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बु.)।** जनपद के स्कूलों में चलने वाले वाहनों को बिना फिटनेस के सड़कों पर नहीं चल पाएंगे। व्यवस्था को सुचारू करने के लिए पूर्व में एआरटीओ की ओर से स्कूल के संचालकों को 30 जून तक का समय कागजात को सही कराने के लिए दिया गया था। ऐसे में एक जुलाई से विभाग की तरफ से व्यापक चेकिंग अभियान चलाते हुए इस बीच जो स्कूली वाहन बिना फिटनेस के पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को इन्हीं हालातों को व्यवस्थित करने के लिए चैकिंग अभियान चलाया और स्कूल प्रबंधन को अभियान में सहयोग देने के साथ अभिभावकों को इस दिशा में जागरुकता के प्रति सचेत किया। इस दौरान टीम ने 4 स्कूली वाहनों को सीज किया।

एआरटीओ पर्वतन सुशाल कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद में स्कूल बंद होने के बाद छात्रों की सुरक्षा के लिए एआरटीओ कार्यालय के ओर से 30 जून तक का समय सभी स्कूल वाहन के कागजात सही कराने के लिए दिया गया था। जिले में पंजीकृत इन स्कूली वाहनों में बड़ी संख्या में वाहनों के फिटनेस न होने के साथ बड़ी संख्या में वाहनों के परमिट भी समाप्त हो गए, जिसे देखते हुए विभाग की तरफ से छुट्टी के समय में ही इन वाहनों के पेपर दुरूस्त कराने के निर्देश दिए गए थे।

उन्होंने बताया कि जिले के पब्लिक स्कूलों में चलने वाले वाहन अब बिना फिटनेस के कोई भी स्कूली वाहन नहीं चलने पाएंगे। स्कूल संचालकों को कागजात सही कराने के लिए रिमाइंडर भी भेजा गया। फिर भी संचालकों ने स्कूल वाहन के पेपर सही कराने में कोई रूचि नहीं ली। उधर, अब विभाग की तरफ से छात्रों का भविष्य देखते हुए कड़ा रूख अख्तियार करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए एक जुलाई से स्कूल खुलने के साथ ही सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए जिन स्कूली वाहनों के कागजात सही नहीं मिलते हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार में पहले दिन विभाग ने विभिन्न स्कूलों में वाहनों की जांच करने के साथ चार वाहनों को सीज किया। इसके साथ ही टीम ने स्कूल प्रधानाचार्य से संपर्क करते हुए विद्यार्थियों के लिए आने वाले वाहनों के समस्त प्रपत्र वैध होने एवं बिना लाइसेंस एवं बिना हैल्मेट कोई भी विद्यार्थी स्कूलों में अपनी मोटरसाइकिल या स्कूटी से विद्यालय नहीं आए, इसके लिए एतियात बरते जाने की बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि यातायात नियमों की अवहेलना की जाती है तो इसके लिए प्रधानाचार्य एवं विद्यार्थी के अभिभावक जिम्मेदार माने जाएंगे और उनके विरुद्ध भविष्य में इस मामले में विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।




## एसएसपी की सरकारी गाड़ी चलाने वाले हैड कांस्टेबल का निधन

**मुजफ्फरनगर, 1 जुलाई (बु.)।** जनपद के एसएसपी की सरकारी गाड़ी चलाने वाले हैड कांस्टेबिल गिरवर सिंह का बीमारी के चलते मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने अपने पैतृक गांव में अंतिम सांस ली। उनके निधन से पुलिस विभाग में शोक व्याप्त है। गिरवर सिंह मूल रूप से बिजनौर जनपद के गांव मलेशिया थाना शिवालाकलां निवासी गिरवर सिंह वर्ष 1992 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। पिछले कई वर्षो से हैड कांस्टेबिल गिरवर सिंह जनपद के एसएसपी की सरकारी गाड़ी चला रहे थे। मिलनसार व मधुर स्वभाव के गिरवर सिंह पिछले कुछ माह से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज दिल्ली के एम्स में चल रहा था। पिछले कई दिनों से उनकी हालत अत्यंत खराब थी। उन्होंने अपने पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली। गांव में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। गिरवर सिंह के एक पुत्र संदीप व बेटी नीलिमा हैं। बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि बेटा नोएडा में एक प्राइवेट कम्पनी में नौकरी कर रहा है।

तारीख गवाह है

## आज का इतिहास

**नयी दिल्ली 01 जुलाई (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 02 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार हैं। 1306-अलाउद्दीन ख़िलजी ने सिवाणा पर आक्रमण किया। 1698-थॉमस सावेरी ने भाप इंजन का पेटेंट कराया। 1757-प्लासी की लड़ाई में हार के बाद बंगाल के अंतिम नवाब सिराजुद्दौला की हत्या। 1777-वर्मोंट, अमेरिका का पहला राज्य बना जिसने गुलामी को समाप्त किया। 1861-कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ। 1901-प्रसिद्ध उड़िया कवि, उपन्यासकार, कहानीकार, नाटककार और निबंधकार कालिंदी चरण पाणिग्रही का जन्म। 1925-भारतीय योगाचार्य स्वामी राम का जन्म। 1934-भारत के महान क्रांतिकारियों में से एक असित भट्टाचार्य का निधन। 1940-ब्रिटिश सरकार ने सुभाषचन्द्र बोस को दो जुलाई, 1940 को विद्रोह भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। 1941-नाजी नरसहांर हुआ, लेम्बर्ग में करीब 7000 लोग मारे गए। 1949-वियतनाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली। 1950-स्वतंत्रता सेनानी तथा समाज सुधारक यूसुफ़ मेहरअली का निधन। 1954-भारत के प्रसिद्ध पार्श्वगायकों में से एक मोहम्मद अज़ीज़ का जन्म। 1962-सैम वाल्टन ने अरकंसास के रोजर्स में अपना पहला वॉलमार्ट स्टोर खोला। 1972-भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद शिमला संधि पर हस्ताक्षर किया। 1979-सुसान बी एंथनी डॉलर जारी किया गया, एक महिला का सम्मान करने के लिए पहला अमेरिकी सिक्का। 1983-भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास एल.वाई.का जन्म। 1985-आंद्रेई ग्रोमिको सोवियत संघ के राष्ट्रपति निर्वाचित। 1993-अध्यादेश के जरिए ओएनजीसी को कॉरपोरेशन में बदला गया। 2001-फास्ट एंड फ्यूरिस सीरीज की पहली फिल्म रिलीज हुई। 2002-हेपेटाइटिस सी की जांच को पूरे भारत में अनिवार्य किया गया। 2004-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्टेशन को यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया। 2004-भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने जकार्ता में आपसी बातचीत की। 2006-इंग्लैंड फुटबाल टीम के कप्तान डेविड बेकहम ने अपना पद छोड़ा। 2020-भारतीय रेलवे ने 2.8 किलोमीटर लंबी ट्रेन चलायी जो भारतीय रेल के इतिहास में अब तक सबसे लंबी ट्रेन है। इस ट्रेन को शेषनाग नाम दिया गया।

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 02 जुलाई, 2025**

**मेष-** आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, साहसिक प्रगति का प्रयास असफल, शत्रु हानि पहुँचाने हेतु प्रयत्नशील, नवसमस्याएँ उपस्थित, वाहन से चोट-चपेट भी संभव।

**वृषभ-** व्यापार में धन निवेश, अधूरे कार्यों की पूर्ति हेतु स्वजनों से सहयोग, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर।

**मिथुन-** पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, आय के नवीन स्रोत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, भौतिक सुख के निमित्त अधिक व्यय, इच्छित योजना का सुपरिणाम।

**कर्क-** विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में होने से खुशी, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि।

**सिंह-** परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, लापरवाही से नुकसान, विरोधियों का वर्चस्व, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, मानसिक बेचैनी, अपव्यय भी।

**कन्या-** नवीन योजना का श्रीगणेश, इच्छाशक्ति का विकास, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, अकल्पित लाभ, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।

**तुला-** स्वविवेक से किया गया कार्य सफल, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का सुयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आपसी समझदारी से तनाव में कमी, भौतिक सुख में वृद्धि।

**वृश्चिक-** कार्य व्यवसाय में उन्नति का अवसर, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता, दूसरों के आश्वासनों स मानसिक राहत, यात्रा सुखद।

**धनु-** विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता, व्यापारिक हानि, उत्तरदायित्व की पूत में बाधा, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, जीवनसाथी से कष्ट, यात्रा निष्फल।

**मकर-** विविध पक्षों में अनुकूलता, नवयोजना का श्रीगणेश, सद्विचारों का उदय, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क उपयोगी, अकल्पित लाभ।

**कुम्भ-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश से परिवार में हर्षोल्लास, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन में रुचि।

**मीन-** कार्य व्यवसाय में नवपरिवर्तन, जिम्मेदारियों को निभाने में व्यय, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील, आपसी सलाह से कामयाबी, शत्रु परास्त।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 30 जून, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 97100 | चांदी- | 105700 |
| सिक्का- | 1170 | गिन्नी- | 72350 |




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com


# यूपीः परिवहन निगम की बसों में ड्राइवर की झपकी आने पर अब नहीं होगा हादसा, हाईटेक डिवाइस देगी फौरन अलर्ट



**लखनऊ, 01 जुलाई (एजेंसी)।** रात के सफर को और सुरक्षित बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने बड़ी पहल की है। निगम की 600 बसों में लगाए गए एंटी स्लीप डिवाइस ड्राइवर की झपकी पर अलर्ट देकर संभावित हादसों को टाल रहे हैं। हर दिन औसतन दो बड़े हादसे इस तकनीक की वजह से रोके जा रहे हैं। सेंसर युक्त यह डिवाइस स्टेयरिंग और एक्सीलेटर की गतिविधियों पर नजर रखते हुए तुरंत अलार्म बजा देती है, जिससे चालक और यात्रियों की जान बचाने में मदद मिल रही है। परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि एंटी स्लीप डिवाइस को करीब छह महीने पहले लगाने की कवायद शुरू की गई थी। अब यह डिवाइस करीब 600 बसों में लगाई जा चुकी है। यह डिवाइस चालक-परिचालक को अलर्ट करने के साथ ही यात्रियों को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाने में मददगार साबित हो रही है। रात में होने वाली बस दुर्घटनाओं में अधिकतर यही पाया गया है कि हादसा चालक को झपकी आने की वजह से हुआ है। सेंसर युक्त यह डिवाइस बस के एक्सीलेटर व स्टेयरिंग से भी जुड़ी है। चालक एक्सीलेटर नहीं दबाएगा या फिर ज्यादा दबा देगा तो ये डिवाइस अलार्म बजा देगी। यह अलार्म न केवल चालक बल्कि बस में मौजूद सभी यात्रियों को सुनाई देगा। अधिकारियों ने बताया कि पहले प्रतिदिन 50 से 60 अलर्ट आते थे। हालांकि कई बार जानकारी के अभाव में भी यह होता था। जैसे, सीधे रास्ते पर बस चलती है और उस समय चालक को एक्सीलेटर के अलावा ज्यादा कुछ करना नहीं होता है। ऐसे केस में डिवाइस अलर्ट देती थी। अब चालक डिवाइस को जान गए हैं, ऐसे में वो कुछ ना कुछ गतिविधि करते रहते हैं। इससे उनके अंदर भी अलर्टनेस बनी रहती है। वहीं यात्रियों को भी सुरक्षा का अहसास होता है।

# गर्मी की छुट्टियों के बाद खुले स्कूल, बच्चों का किया स्वागत

## - मौसम शुष्क होने से मिली बच्चों के अभिभावकों को राहत - छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा व तिलक लगाकर किया स्वागत



**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बु.)।** गर्मी की छुट्टियों के बाद एक बार फिर से स्कूलों की रौनक लौट आई है। मंगलवार में जुलाई की पहली तारीख पर प्रदेशभर के साथ जनपद के सभी परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के द्वार आज से खुल गए हैं, जिसमें फिर से बच्चों की किलकारी के साथ शोर शराबा फिर से शुरू होगा। शासन के जारी निर्देशों के बीच इस बार न सिर्फ स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत होगी, अपितु पहली से तीसरी कक्षा तक के उन बच्चों को भी नई किताबें मिलेंगी, जो अप्रैल में बगैर किताब के ही स्कूल आ रहे थे। जनपद मुजफ्फरनगर की बात की जाए तो जनपद में 951 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं, जिनमें लगभग 1.40 लाख छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। यूपी में गर्मियों की लंबी छुट्टियों में बच्चे जहां एक ओर परिवार के साथ घूमने-फिरने और मौज-मस्ती में व्यस्त थे, वहीं अब फिर से स्कूल खुलने की बजी घंटी और दोस्तों की हंसी-मजाक ने उनकी दुनिया को फिर से रंगीन कर दिया है। मंगलवार की सुबह इन्हीं व्यवस्थाओं के बीच सुबह स्कूल यूनिफार्म में सजे हुए बच्चे, कंधों पर बस्ते टांगे और चेहरों पर मुस्कान लिए स्कूल बसों और गलियों में नजर आए। माता-पिता भी अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए उत्साहित दिखे। हालांकि इस बीच मंगलवार को मौसम में मिली राहत से बच्चों के साथ ही अभिभावकों ने राहत की सांस ली। शासन के जारी निर्देशों के बीच इस बार स्कूल खुलते ही नव प्रवेश लेने वाले बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। छुट्टियों के बाद मंगलवार को स्कूल खुलने पर प्रवेशोत्सव के रूप मनाए गए कार्यक्रम के बीच सुबह सात बजे से ही बच्चों का स्कूल पहुंचना शुरू हो गया तो शिक्षक व शिक्षिकाओं ने बच्चों को पुष्प वर्षा करते हुए माला पहनाकर स्वागत किया गया। बता दें, परिषदीय विद्यालयों में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते इस बार गर्मी की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। शासन स्तर पर पूर्व में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन गर्मी कम न होने के चलते बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश विस्तारित करते हुए इसे 30 जून तक बढ़ा दिया गया था।

# चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालयः मुर्मू



**गोरखपुर, 01 जुलाई (वार्ता)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय परंपरागत चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। गोरखपुर में पिपरी भटहट स्थित प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि यह विश्वविद्यालय हमारी समृद्ध प्राचीन परंपराओं का नवनिर्मित एवं प्रभावशाली आधुनिक केंद्र है। इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने उन्हे बहुत प्रसन्नता हो रही है। यह विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में ही बल्कि पूरे देश में चिकित्सा शिक्षा और विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होने कहा '' मुझे यह जानकर खुशी हुयी कि यहां उच्च स्तरीय मेडिकल सुविधाओं का निर्माण किया गया है। इन सुविधाओं का लाभ जनसामान्य को सुलभ होगा। इस विश्वविद्यालय से जुडे 100 आयुष कालेज यहां की उत्कृष्टता से लाभान्वित हो रहे हैं। यहां आयुष पद्धतियों में स्नातक से लेकर उच्चतम स्तरों तक शोध कार्यो को अंजाम दिया जा रहा है।आयुष पद्धतियों से जुड़े रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शिक्षा भी यहां दी जायेगी। इसके अलावा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुरुप विश्वस्तरीय और स्वीकार्य बनाने के लिये यहां शोध कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि उत्तर प्रदेश के इस पहले आयुष विश्वविद्यालयण की उत्कृष्ट परिकल्पना और निर्माण के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं। इससे पहले राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया और वहां मौजूद नौनिहालों को चाकलेट प्रदान की। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# ठेके से शराब की बोतलें चुराई

**चरथावल, 01 जुलाई (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम बलवाखेड़ी नहर पर स्थित शराब के ठेके पर रात्रि अज्ञात चोरों ने दीवार में लगे एग्जास्ट फैन को उखाड़कर करीब एक दर्जन शराब की बोतलें चोरी कर ली। चोरी की सूचना ठेका मालिक सुभाष निवासी दूधली को प्रातः उस समय लगी, जब सेल्समैन ने दुकान खोली और शराब की बोतल खुर्द-बुर्द पाई। चोरी की सूचना ठेकेदार द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का निरीक्षण किया और मामले की छानबीन में लग गयी। वहीं ठेकेदार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शराब के ठेके में करीब एक दर्जन शराब की बोतलों की चोरी हुई है। चोरों का सीसीटीवी कैमरों की मदद से जल्द ही पता चल जाएगा।

# डिजिटल इंडिया का एक दशकः मोदी का जोड़ने वाली, सर्वसमावेशी तकनीकों पर काम करने का आह्वान




**नयी दिल्ली, 01 जुलाई (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में नवाचार के काम में लगे लोगों, उद्यमियों और नये विचारों पर काम करने वाले लोगों से ऐसी प्रौद्योगिकियों पर काम करने का आ''ान किया है जो जोड़ने वाली, सर्वसमावेशी और उत्थानकारी हों। श्री मोदी ने 'डिजिटल इंडिया' पहल के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मंगलवार को प्रकाशित एक लेख में कहा कि आइए हम ऐसे हल निकालें, जो वास्तव में मायने रखते हैं। आइए हम उस तकनीक के साथ नेतृत्व करें, जो जोड़ने वाली, सर्वसमावेशी और सबका उत्थान करती है। उन्होंने कहा कि तकनीक के क्षेत्र में अगला दशक और भी अधिक परिवर्तनकारी होगा और ऐसे दौर में दुनिया डिजिटल क्रांति के लिए भारत की तरफ देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम डिजिटल गवर्नेंस से आगे बढ़कर वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की ओर बढ़ रहे हैं —इंडिया फर्स्ट से इंडिया फॉर द वर्ल्ड (भारत प्रथम से भारत दुनिया के लिए) तक। श्री मोदी ने इस बात का भी उल्लेख किया है कि भारत अब विश्व के शीर्ष तीन स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल है, जिसमें 1.8 लाख से अधिक स्टार्टअप हैं। उन्होंने कहा है कि भारत में युवाओं के बीच एआई स्किल्स और एआई प्रतिभा के मामले में बड़ी प्रगति हो रही है। उन्होंने लिखा है कि 1.2 अरब डालर के इंडिया एआई मिशन के तहत भारत ने 34,000 ग्रैफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) सुलभ हुये हैं, जो इनकी दर दुनिया में सबसे सस्ती है। इससे भारत न केवल सबसे सस्ता इंटरनेट इकोनॉमी, बल्कि सबसे किफायती कंप्यूटिंग हब बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रहा, यह जनआंदोलन बन चुका है। यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का केंद्र है और भारत को दुनिया का विश्वसनीय नवाचार साझेदार बना रहा है। नवाचार के काम में लगे लोगों, उद्यमियों और नये विचारों पर काम करने वाले लोगों का आ''ान करते हुए कहा, आइए हम वह बनायें जो सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा है कि दुनिया अगली डिजिटल क्रांति के लिए भारत की ओर देख रही है। डिजिटल इंडिया की एक दशक की यात्रा पर प्रधानमंत्री ने लिखा है, 10 साल पहले, हमने एक ऐसे क्षेत्र में पूर्ण विश्वास के साथ ऐसी यात्रा शुरू की थी, जहां पहले कोई नहीं गया था। जहां दशकों तक यह संदेह किया गया कि भारतीय तकनीक का उपयोग कर पायेंगे कि नहीं, हमने उस सोच को बदला और भारतीयों की तकनीक का उपयोग करने की क्षमता पर विश्वास किया। उन्होंने कहा कि जहां दशकों तक सिर्फ यह सोचा गया कि तकनीक का उपयोग अमीर और ग़रीब के बीच की खाई को और गहरा करेगा, हमने उस मानसिकता को बदला और तकनीक के माध्यम से उस खाई को खत्म किया। श्री मोदी ने कहा कि जब नीयत सही होती है, तो नवाचार वंचितों को सशक्त करता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो तकनीक हाशिए पर खड़े लोगों के जीवन में परिवर्तन लाती है। उन्होंने कहा कि यही विश्वास डिजिटल इंडिया की नींव बना- एक ऐसा मिशन जो सभी के लिए पहुंच को लोकतांत्रिक (आसान) बनाने, समावेशी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और अवसरों को उपलब्ध कराने के लिए शुरू हुआ।



# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष का ढोल नगाड़ों से जोरदार स्वागत

**चरथावल, 01 जुलाई (बु.)।** कस्बे में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि. के जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के चरथावल में पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों से जोरदार स्वागत किया गया। बाजार की चुनावी मीटिंग में सभी व्यापारियों ने प्रसिद्ध उद्यमी आरूप कुच्छल को अध्यक्ष चुना। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव स्वरूप, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल, प्रदेश मन्त्री बलविन्दर सिंह से विचार-विमर्श कर कार्यकारिणी गठित की, जिसमें मुख्य संरक्षक अजय वर्मा, संरक्षक विपिन सिंहल, अध्यक्ष आरूप कुच्छल, महासचिव नवीन त्यागी, कोषाध्यक्ष अनुज सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज गर्ग, नीरज गर्ग, राजेश गर्ग वरिष्ठ मन्त्री, विनोद उपाध्याय, प्रदीप वर्मा, साहिल त्यागी मंत्री, प्रेस प्रवक्ता हनी सिंघल आदि रहे। राकेश त्यागी ने अजय वर्मा को जिला उपाध्यक्ष नीरज गर्ग को जिला मन्त्री मनोनीत किया।


## सार्वजनिक सूचना

मेरी दोनों पुत्रियों के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या क्रमश:1341, दिनांक 12/02/2024 व 1767, दिनांक 05/03/2018 में गलती से माता का नाम नीतू गुप्ता अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम नीतू गोयल है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- अंकित गुप्ता
म.नं. 608, लद्धावाला, मुजफ्फरनगर
मो. 9897353131

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (NIOS) से प्राप्त हाईस्कूल वर्ष 2008, अनुक्रमांक 21021672024 की मार्कशीट, माइग्रेशन प्रमाण-पत्र, अस्थायी प्रमाण-पत्र एवम अरूणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी से प्राप्त इलैक्ट्रीकल ट्रेड के डिप्लोमा की तीन मार्कशीट प्रथम वर्ष 2014, अनुक्रमांक (ES72526), द्वित्तीय वर्ष 2015, अनुक्रमांक (ES74532), तृतीय वर्ष 2016, अनुक्रमांक (ES73557), एवं प्रोविजनल सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा सर्टिफिकेट (इनरोलमेन्ट नं. A130008038) एवं लाल बहादुर शास्त्री ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, सन 2016, में प्राप्त प्रमाण-पत्र व मार्कशीट अनुक्रमांक D0173725 शामिल हैं, जो वास्तव में कहीं खो गये हैं। प्रवेज चौधरी पुत्र स्व. यामीन चौधरी, मकान नम्बर-88, किदवई नगर, थाना खालापार, जिला- मुजफ्फरनगर। मोबाईल नं.-9891166458


# गरीबों के मकान में घुसा तालाब का पानी



**चरथावल, 01 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र के कुटेसरा गाँव में गरीबों के मकान में घुसा तालाब का पानी बारिश होने के कारण तालाब ओवरफ्लो हो गया, जिसका पानी स्थानीय निवासियों के घरों में घुस गया, वहीं ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि गांव बीच पानी में एक टापू बनकर रह गया है। फरजाना नाम की महिला का मकान से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। गहरे पानी से होकर पूरे परिवार को गुजरना पड़ रहा है। मकान के चारों और कई फिट पानी भरा हुआ है, जिस कारण उनके मकान की एक दीवार भी गिर चुकी है और मकान गिरने का खतरा भी बना हुआ है। महिला का कहना है ग्राम प्रधान से इसकी शिकायत की, तो ग्राम प्रधान द्वारा कोई सन्तोषजनक जवाब नहीं दिया गया। पीड़ित महिला अपने पति और कई बच्चों के साथ पानी में डूबे इस मकान में रह रही है। पीड़ित महिला ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।


## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र जोनी उर्फ शुभम एवं पुत्रवधू रेशमा मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। मेरा पुत्र हमारे साथ मारपीट करता है और परिवार में क्लेश करता है। इसलिए मैंने अपने पुत्र जोनी उर्फ शुभम एवं पुत्रवधू रेशमा को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरा पुत्र जोनी उर्फ शुभम व पुत्रवधू रेशमा कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेन-देन करते हैं, तो उसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मेरा व मेरे परिवार का उन लोगों से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का अब नहीं होगा।

राजकुमार पुत्र तिलकराम
रामपुर चौराहा, नाग मंदिर के सामने,
रामपुर, मुजफ्फरनगर




# अभिभावकों ने किया स्कूल में विरोध प्रदर्शन

**सिखेड़ा, 01 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के गांव भंडूर में मंगलवार को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय खुले। विद्यालय खुलने पर जब अभिभावकों को पता चला कि उच्च प्राथमिक विद्यालय का मर्जर गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कर दिया गया है, तो अभिभावकों के द्वारा इसका विरोध करते हुए प्रदर्शन किया गया। अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों द्वारा इस सम्बन्ध में प्रधानाध्यापक से बात की, तो उन्होंने बताया कि गत वर्ष की छात्र संख्या के आधार पर विद्यालय का मर्जर किया गया है, जबकि फिलहाल छात्रों की संख्या पूर्ण है। विरोध-प्रदर्शन करने वालों में नौबहार सिंह, राधा, वीरमति, बाला, रजनी, मोनू, शिवकुमार एवं ग्राम प्रधान अनुज आदि उपस्थित रहे।



# कुश पुरी बने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के नेशनल सेक्रेटरी

**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बुस.)।** आईआईए भवन, गोमती नगर, लखनऊ में आईआईए की नई कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अरुण कुमार सक्सेना पर्यावरण मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार उपस्थित रहे। इस अवसर पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने आईआईए मुजफ्फरनगर चैप्टर के पूर्व चेयरमैन कुश पुरी को वर्ष 2025-26 के लिए नेशनल सेक्रेटरी नियुक्त किया है। यह पद एसोसिएशन के संचालन एवं नीति-निर्धारण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने इस अवसर पर कहा कि कुश पुरी लंबे समय से औद्योगिक क्षेत्र में सक्रिय हैं और आईआईए के विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने संगठन की गतिविधियों को एक सशक्त दिशा दी है। उनकी नियुक्ति से संगठन को सशक्त नेतृत्व और नई ऊर्जा प्राप्त होगी। नेशनल सेक्रेटरी नियुक्त किए जाने पर कुश पुरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं इस महत्वपूर्ण पद को स्वीकार करते हुए स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा।

# आधार कार्ड बनाने व संशोधन के नाम पर वसूली का आरोप, कार्यवाही की मांग

## - आधार कार्ड बनवाने को धक्के खा रहे लोग



**मीरापुर, 1 जुलाई (बु.)।** बलीपुरा में आधार कार्ड बनाने व संशोधन करने पर लोगों से निर्धारित फीस से अधिक रकम वसूली जा रही है। महिलाओं व पुरुषों को छोटे बच्चों के साथ घण्टों तक लाइन में खड़ा रहने के बाद भी आधार कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। महिलाओं व पुरुषों ने प्रदर्शन करते हुए कार्यवाही की मांग की है। गांव बलीपुरा के प्राथमिक विद्यालय में आधार कार्ड बनाने व संशोधन करने का कार्य चल रहा है। मीरापुर, हाशमपुर, कैथोड़ा व रसूलपुर के दर्जनभर ग्रामीणों का कहना है कि वह कई दिन से गांव बलीपुरा में आधार कार्ड बनवाने के लिए आ रहे हैं। आरोप है कि गांव से ई-रिक्शा वाला भी यहां तक 100 रुपए प्रति सवारी लेता है और आधार बनवाने और अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड सेंटर चलाने वाली युवती 200 से 300 रुपए वसूल रही है। आरोप है कि आधार केंद्र संचालिका ने अपने घर पर भी अवैध रूप से आधार केंद्र चला रखा है। सुबह व शाम अपने घर पर आधार कार्ड बनाने का काम करती है तथा सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक प्राथमिक विद्यालय में आधार कार्ड बनाती है। नागरिकों का आरोप है कि वह अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ कई घंटे लाइन में लगे रहते हैं और उसके बावजूद भी उनके आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। आरोप है कि आधार केंद्र संचालिका आधार बनाने की एवज में निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक रकम वसूल रही है। मंगलवार को अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए लोगों ने प्राथमिक विद्यालय के गेट पर ही हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए आधार केंद्र संचालिका पर कार्यवाही की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में रिजवान, समीर आलम, सुहैल, मुकीम, शाहनवाज, तौसीब, शाकिब, इकबाल, सुरेश, पूनम, शकीला, अफरोज, फिरदौस, शबाना, गुलशफा आदि शामिल रहे।



# शिया सोगवारों ने निकाला मातमी जुलूस

**जानसठ, 01 जुलाई (बु.)।** मुहर्रम माह की पांचवी तारीख के अवसर पर कस्बे में शिया सोगवारों ने मजलिस का आयोजन किया। इसके बाद अलम व जुलजनाह के साथ मातमी जुलूस निकाला। इस अवसर पर करबला के शहीदों को खिराज-ए अकीदत पेश कर नोहाखानी की गई। मंगलवार को कस्बे के मौहल्ला रंगमहल में स्थित मरहूम सैय्यद मोहम्मद के आवास पर शिया सोगवारों द्वारा मजलिस-ए इमाम हुसैन का आयोजन किया गया, जिसको खिताब करते हुए मौलाना सफदर अली सफदर ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब के नाती हजरत इमाम हुसैन ने करबला में अपनी कुर्बानी देकर कयामत तक के लिए इंसानियत को बचा लिया था। इमाम हुसैन की शहादत हमें जालिम के खिलाफ लड़ने का हौसला देती है। मजलिस के बाद अलम व जुलजनाह बरामद किया गया। इसके बाद शिया सोगवार नोहाखानी व मातम करते हुए फजील चौराहा, शिव मंदिर के सामने से होकर मोहल्ला जन्नताबाद पहुंचे, जहां पर मातमी जुलूस का समापन कर दिया गया। मजलिस में सोजखानी काशिफ रजा काशिफ और उनके साथियों द्वारा की गई। जुलूस में शिया समुदाय की महिलाएं, पुरूष व बच्चे काफी संख्या में मौजूद रहे। जुलूस में अब्बास अली खां, दानिश अली खां, हसन अली खां, आबिर अब्बास, अफसर अली, मंजूर जैदी, डॉ. आबिद अब्बास, हाजी अली हैदर, इसरार, शाहअब्बास जैदी, शाहआलम जैदी, जफर हैदर, कामरान काजमी, हिलाल मेहंदी, मोहम्मद जमन, अली मुर्तजा आदि मौजूद रहे।

# ग्रेपलिंग वर्ल्ड कप 2025 में श्रीराम कॉलेज की बीपीईएस की छात्रा तनु ने जीता रजत पदक

**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बुस.)।** ग्रेपलिंग वर्ल्ड कप 2025 में श्रीराम कॉलेज की बीपीईएस की छात्रा तनु ने 90 किग्रा महिला भार वर्ग में रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्रेपलिंग वर्ल्ड कप-2025 चैंपियनशिप 12 जून से 15 जून 2025 तक आस्ताना, कजाकिस्तान में आयोजित की गई, जिसमें श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के बीपीईएस द्वितीय वर्ष की छात्रा तनु ने 90 किग्रा महिला भार वर्ग में रजत पदक हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय आगमन पर ग्रेपलिंग वर्ल्ड कप 2025 प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने खिलाड़ी तनु को श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल द्वारा प्रतियोगिता में अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करने पर उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार, निदेशक श्रीराम कॉलेज ने तनु को प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर बधाई दी और उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने छात्रा तनु को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के उम्दा प्रदर्शन को बनाये रखते हुये पूरी लगन एवं मेहनत से खेलने की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, डीन एकेडमिक्स डॉ. विनित कुमार शर्मा तथा प्रवक्तागण भूपेन्द्र कुमार, डॉ. अब्दुल अजीज खान, सन्दीप देशवाल, अमरदीप, प्रशान्त, विश्वदीप कौशिक तथा तरूण आदि उपस्थित रहे।



# चेयरमैन अकरम कुरैशी ने कर्बला मार्ग दुरुस्त कराया

**शाहपुर, 01 जुलाई (बु.)।** नगर पंचायत अध्यक्ष ने कर्बला जाने वाले मार्ग पर बरसात के कारण कीचड़ होने के कारण नगर पंचायत कर्मियों को भेज मिट्टी डलवाकर ठीक कराने का कार्य किया। कस्बे में नगर पंचायत मुहर्रम पर्व व कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पूरी तरह सतर्क है। मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी को सूचना मिली कि कर्बला जाने वाले मार्ग पर हुई बारिश से कीचड़ हो गया है। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष ने तत्काल नगर पंचायत कर्मियों को आदेश दिए कि वह तत्काल मिट्टी से, कीचड़ से भरे मार्ग को ठीक करने का कार्य करें, जिसके बाद नगर पंचायत कर्मियों ने लिपिक सावन कुमार के नेतृत्व में कर्बला मार्ग पर कीचड़ हटाकर मिट्टी डालकर जेसीबी मशीन से समतल करने का कार्य किया। इसके अलावा चेयरमैन ने मुहर्रम पर्व पर नगर पंचायतकर्मियों को जुलूस मार्गों पर विशेष सफाई व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति करने के भी आदेश दिए है। उन्होंने बताया कि मुहर्रम पर्व के साथ कावड़ यात्रा को लेकर भी तैयारियां चल रही है।





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## अमरनाथ यात्रा को लेकर सुरक्षा

अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से आरम्भ हो रही है। अप्रैल महीने में पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के बाद इस बार अमरनाथ यात्रा को लेकर सुरक्षा काफी कड़ी की गई है। पहलगाम हमले के बाद कई श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन रद्द करा दिया था, लेकिन अब रजिस्ट्रेशन बढ़ रहे हैं। सरकार के प्रयास हैं कि लोग हर तरह के डर को छोड़कर सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि अमरनाथ यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सरकार कह चुकी है कि आतंकियों की कोई भी हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उसका जबरदस्त जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। सरकार की घोषणा पर अमरनाथ यात्रियों को भरोसा दिखाई दे रहा है, रजिस्ट्रेशन रोज बढ़ रहे हैं। फिर भी इस बार अमरनाथ यात्रा पर पहलगाम हमले का साया तो है ही, इसे देखते हुए इस बार सुरक्षा को काफी सख्त किया गया है। अमरनाथ यात्रा को सफल और शांतिपूर्ण बनाने के लिए सुरक्षाबलों की कुल 581 कंपनियां कश्मीर में तैनात की गई हैं। यहां अनंतनाग के पहलगाम और बालटाल रूट पर जगह-जगह पर सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। अमरनाथ जाने वाले दोनों रास्तों पर कई जगहों पर बंकर्स बनाए गए हैं। पहलगाम के लंगालबाल प्वाइंट पर फेस रिकग्निशन कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि,चेहरा पहचानने वाले कैमरे इस मकसद से लगाए गए हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान हो सके।इन कैमरों से ऐसे लोगों की पहचान हो सकती है, जिनके नाम पुलिस के रिकॉर्ड में आपराधिक गतिविधियों की वजह से पहले से दर्ज है। अमरनाथ यात्रा के दोनों ही रूट पर पहलगाम और बालटाल को 'नो फ्लाइंग जोन' बनाया गया है। इसका मतलब है कि इलाके में हेलिकॉप्टर, ड्रोन और गुब्बारों को उड़ाने की इजाजत नहीं होगी। पुलिस का कहना है कि अगर कोई इन दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करेगा, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसा पहली बार हुआ है, जब यात्रा के रूट पर इस तरह के इंतजाम किए गए हों। दिशा-निर्देशों के मुताबिक, यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि यात्रा जत्थे से अलग होकर किसी भी यात्री को रूट पर चलने की इजाजत नहीं होगी। 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के बाद लोगों ने अपना पंजीकरण रद्द करवाया, लेकिन अब फिर यात्रियों के पंजीकरण का सिलसिला शुरू हुआ है, जो धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अमरनाथ यात्रा पर पहले भी हमले हो चुके हैं। साल 2017 में कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ यात्रियों पर हुए एक चरमपंथी हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई थी। 02 अगस्त, 2000 को चरमपंथियों ने पहलगाम के बेस कैंप पर हमला किया था। बेस कैंप में 32 लोग मारे गए थे, जिसमें 21 अमरनाथ यात्री थे। 20 जुलाई, 2001 को अमरनाथ गुफा के रास्ते की सबसे ऊंचाई पर स्थित पड़ाव शेषनाग पर हमला हुआ, जिसमें 13 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें तीन महिलाएं और दो पुलिस अधिकारी शामिल थे। इन हमलों को देखते हुए 2002 में अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल के 15 हजार जवानों को तैनात किया गया था, फिर भी 6 अगस्त, 2002 को चरमपंथियों ने पहलगाम में हमला किया, जिसमें नौ लोगों की मौत हुई थी और 30 अन्य लोग घायल हो गए थे। अमरनाथ यात्रा पवित्र अमरनाथ गुफा तक की यात्रा है। यह गुफा समुद्र तल से 3,888 मीटर यानी 12,756 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां तक केवल पैदल या खच्चर के जरिए ही पहुंचा जा सकता है। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम से ये दूरी करीब 46 किलोमीटर की है, जिसे पैदल पूरा करना होता है। इसमें लगभग पांच दिन तक का समय लगता है। दूसरा रास्ता सोनमर्ग के बालटाल से भी है, जिससे अमरनाथ गुफा की दूरी मात्र 16 किलोमीटर है, लेकिन मुश्किल चढ़ाई होने की वजह से ये रास्ता बेहद कठिन माना जाता है। अमरनाथ की पवित्र गुफा बर्फ से ढंकी रहती है, लेकिन गर्मियों में थोड़े समय के लिए जब गुफा के बाहर बर्फ मौजूद नहीं होती, उस समय तीर्थयात्री यहां पहुंच सकते हैं। श्रावण के महीने में ये यात्रा शुरू होती है। इन दिनों 45 दिनों तक तीर्थयात्री यहां आते हैं। इस यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखकर साल 2000 में अमरनाथ श्राइन बोर्ड का गठन किया गया, जो राज्य सरकार से मिलकर इस यात्रा आयोजन को सफल बनाता है। ऐसी मान्यता है कि इस गुफा में भगवान शिव ने अपने अस्तित्व और अमरत्व के रहस्य के बारे में पार्वती माँ को बताया था। इस गुफा का उल्लेख कश्मीरी इतिहासकार कल्हण के 12 वीं सदी में लिखे गए महाकाव्य राजतरंगिणी में भी है। इस गुफा की छत से बूंद-बूंद पानी टपकता है, जो फ्रीजिंग प्वाइंट पर जमते हुए एक विशालकाय कोन के आकार की आकृति बनाता है, जिसे हिंदू मतावलम्बी शिवलिंग का रूप मानते हैं। श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने अमरनाथ यात्रियों के लिए कुछ नियम बना रखे हैं। इस यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए इन नियमों का पालन करना आवश्यक है। इसके तहत हर रजिस्टर्ड यात्री को अपने साथ अपना रेडियो फ्रीक्वेंसी आई कार्ड आरएफआईडी रखना जरूरी है, जो उन्हें रजिस्ट्रेशन के बाद जम्मू-कश्मीर में निर्धारित जगहों पर मिल सकता है। आरएफआईडी कार्ड के लिए यात्रियों को अपने आधार कार्ड की जानकारी देनी होती है। श्रद्धालुओं को अपनी यात्रा के दौरान हर समय अपने गले में आरएफआईडी कार्ड पहनना जरूरी होता है। इस यात्रा में श्रद्धालुओं को 5 डिग्री सेल्सियस से भी कम तापमान का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए उन्हें पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनने और अपने साथ रखना जरूरी है। इस यात्रा में छतरी, विंड चीटर, रेनकोट और वाटरप्रूफ जूतों की भी जरूरत पड़ती है, क्योंकि यात्रा के दौरान मौसम कभी भी बिगड़ सकता है। सभी यात्रियों से अपनी जेब में अपना नाम, पता, मोबाइल, टेलीफोन नंबर लिखा हुआ कागज रखने को कहा जाता है। इसका मकसद इमरजेंसी के हालात में ऐसी जानकारी का इस्तेमाल करना होता है। किसी भी यात्री को बिना आरएफआईडी कार्ड के यात्रा में शामिल नहीं होने दिया जाता है। यात्रियों को यात्रा से पूर्व सलाह दे दी जाती है कि वो हाई अल्टीट्यूड पर होने वाली बीमारी या शारीरिक परेशानियों को अनदेखा न करें। इस यात्रा के दौरान ऐसी किसी भी जगह पर नहीं रुकना चाहिए, जहां चेतावनी के नोटिस लगाए गए हों।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'बैअत' 'वार' 'इबलीस' 'इनकार'

सब यजीदों से हमारी हो चुकी बैअत तो अब,
हम भटक कर चल रहे हैं वार कर सकते नहीं।
हम तो चेले हो गए हैं आजकल इबलीस के,
अब किसी भी हाल में इनकार कर सकते नहीं।

# पालिका चेयरपर्सन ने कूकड़ा में किया 24 लाख की ट्यूबवैल रिबोर का शुभारंभ

## - नव विस्तारित क्षेत्र के वार्ड 17 में अब सुधरेगी पेयजलापूर्ति - पालिका को खराब अवस्था में हैंड ओवर हुआ था ट्यूबवैल





**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बु.)।** पालिका परिषद् के सीमा विस्तारित क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड 17 कूकड़ा में पेय जलापूर्ति की समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को पालिका चेयरपर्सन ने ट्यूबवैल के रिबोर कार्य का शुभारंभ किया। इस बीच क्षेत्रवासियों ने कई वर्षो से बनी समस्या का समाधान होने पर उनका अभिनंदन भी किया। यहां पहुंची चेयरपर्सन ने लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और क्षेत्र की जरुरत को जानने के साथ भरोसा दिया कि विस्तारित क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और लगातार कार्य कराए जा रहे हैं। मंगलवार में वार्ड 17 कूकड़ा के सामने पालिका द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए ट्यूबवैल निर्माण कार्य के लिए यहां पर ग्राम पंचायत के पुराने व खराब ट्यूबवैल का रिबोर कार्य पास कराया गया था, जिसका शुभारंभ पालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने किया। उन्होंने कहा कि पालिका के विस्तारित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधा विकसित करने के लिए पालिका पूरी तरह से संवेदनशील है। यह ट्यूबवैल पालिका सीमा विस्तार से पूर्व कूकड़ा में पंचायत के अधीन संचालित हो रहा था। इसे हैंड ओवर करने में देरी हुई। पालिका ने अपने स्वामित्व में आने के बाद यहां पेयजलापूर्ति की समस्या को समझा, ट्यूबवैल का तकनीकी परीक्षण कराया, तो ये खराब अवस्था में हमें मिला था। इसे तत्काल चलाने के निर्देश दिए। जलकल विभाग ने इसका एस्टीमेट बनाकर दिया तो इसके रिबोर के लिए बोर्ड से स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इस ट्यूबवैल संचालन से वार्ड 17 में कूकड़ा व इससे जुड़े दूसरे क्षेत्रों के परिवारों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति जल्द सुनिश्चित होगी। इसके लिए 15वें वित्त आयोग में टाइड ग्रांट से प्राप्त धनराशि के तहत करीब 24 लाख रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। यह कार्य क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो नागरिकों को बेहतर सुविधा व सुरक्षित आवागमन प्रदान करेगा। उन्होंने पूजन करते हुए ट्यूबवैल रिबोर कार्य का शुभारंभ कराते हुए एई जलकल सुनील कुमार तथा जेई जितेन्द्र सैनी को मानक और गुणवत्ता के अनुसार कार्य समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस दौरान सभासद प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, भाजपा के मंडल अध्यक्ष अमित शास्त्री, सुशील गोयल, मुकेश प्रधान, विपिन शर्मा, विपिन प्रजापति, लोकेश बंसल, विवेक मित्तल, नवीन गुप्ता सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।





# फर्जी किन्नरों से मिल रही जान से मारने की धमकी

## - डीएम दरबार में पहुंच किन्नरों ने लगाई सुरक्षा की गुहार
## - गर्मी में रिया किन्नर के बेहोश होने पर मची अफरा-तफरी

**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बु.)।** जनपद में किन्नर समाज के बीच शुरू वर्चस्व की लड़ाई अब सड़कों तक आने लगी है। मंगलवार को राष्ट्रीय किन्नर संघ के बैनर तले नगर अध्यक्ष मुस्कान किन्नर एवं रिया किन्नर के नेतृत्व में दर्जनों किन्नरों ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान किन्नरों ने आरोप लगाया कि कुछ फर्जी किन्नर न केवल पूरे समाज को बदनाम कर रहे हैं, अपितु किन्नर संघ की राष्ट्रीय अध्यक्षा नाजिम बाजी की छवि खराब करने की साजिश भी कर रहे हैं। उन्होंने डीएम से ऐसे लोगों के खिलाफ काननूी कार्रवाई किए जाने के साथ ही सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान भीषण गर्मी के कारण रिया किन्नर बेहोश भी हो गई, जिससे कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद किन्नरों ने उन्हें तुरंत ही राहत दिलाई। कलेक्ट्रेट में पहुंची रिया किन्नर ने बताया कि नाजिम बाजी ने बीते दिनों एक फर्जी ट्रांसजेंडर पल्लवी किन्नर को पूरे समाज के सामने बेनकाब किया था। इसके चलते अब पल्लवी, एक पत्रकार की मदद से नाजिम बाजी को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। उक्त किन्नरों ने दावा किया कि पल्लवी द्वारा लगाए गए आरोप गंभीर, झूठे और बेबुनियाद हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे फर्जी किन्नरों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, जो बधाई के नाम पर लोगों से जबरन वसूली कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुनीता किन्नर के इलाके में कई फर्जी किन्नर सक्रिय हैं और विरोध करने पर मुस्कान किन्नर को जान से मारने की धमकियां भी मिल रही हैं। किन्नर समाज की ओर से यह चेतावनी दी गई है कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे।

# डीएम से मिला भाकियू टिकैत का प्रतिनिधि मंडल

## - किसानों की समस्याओं को लेकर उठाई कई मुद्दों पर आवाज

**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को जिलाध्यक्ष चौधरी नवीन राठी के नेतृत्व में डीएम उमेश मिश्रा से कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय पर मिला। इस दौरान भाकियू नेताओं ने जिलाधिकारी से जनपद से जुड़ी किसानों की क्षेत्रवार समस्याओं के समाधान के लिए विस्तार से चर्चा की और समस्याओं के तुरंत समाधान कराने की मांग की। मंगलवार को डीएम उमेश मिश्रा से कलेक्ट्रेट में हुई वार्ता के दौरान भाकियू नेताओं ने मुख्य रूप से पुरकाजी खादर क्षेत्र में सोलाली नदी में बरसात के कारण बढ़े जल स्तर से स्थानीय किसानों की फसलों के हो रहे नुकसान के समाधान के साथ जलभराव के कारण अन्य क्षेत्रीय गांवों में समस्या को प्रमुखता से उठाया। वहीं शेरपुर गांव में कुछ समय पूर्व निर्मित सड़क के जलभराव से टूटना शुरू हो जाने के साथ वहां नाला बनाकर जल निकासी कराने की मांग की। इसके साथ जिले में हो रही खाद की किल्लत को लेकर डीएम से कड़े कदम उठाए जाने की पैरवी की। वार्ता के दौरान डीएम उमेश मिश्रा ने किसानों को बताया कि पिछली बार की तुलना में इस बार खाद आवंटन की मात्रा कहीं अधिक है परंतु किसानों को फिर भी पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने के मामले में जांच का विषय है। उन्होंने किसानों की समस्याओं के निदान के लिए तत्काल फोन पर संबंधित अधिकारियों से बात कर समाधान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष गुरमेल बाजवा, मीडिया प्रभारी चौ. शक्ति सिंह, महासचिव मनीष अहलावत, नगर अध्यक्ष राव, ब्लॉक अध्यक्ष पुरकाजी मोनू पंवार, हेमेंद्र कुमार, संजीव बालियान, शशि गुर्जर, हैप्पी बालियान, सुमित चौधरी, दिव्यांश चौधरी, रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# मीनाक्षी चौक का नाम बदले जाने की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बु.)।** हिन्दू युवा वाहिनी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य चौक में शुमार मीनाक्षी चौक का नाम बदलने की मांग करते हुए जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने इस चौक का नाम महर्षि वाल्मीकि चौक रखे जाने की मांग की। मंगलवार को डीएम कार्यालय पहुंचे हिन्दू युवा वाहिनी के तमाम कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मीनाक्षी चौक की वर्तमान धार्मिक प्रासंगिकता या ऐतिहासिकता यहां संदिग्ध है, जिसे भविष्य में महर्षि वाल्मीकि चौक रखा जाए, जो हमारे इतिहास और संस्कृति से जुड़ा हुआ है।



# भारत मुक्ति मोर्चा ने किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बु.)।** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अधिकारों के अंतर्गत भारत मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में देशभर में शुरू राष्ट्रव्यापी आंदोलन के बीच जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए लंबित मांगों का निदान कराए जाने की मांग की। उक्त कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में शुरू आंदोलन का मुख्य उद्देश्य ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने, ओबीसी एवं सभी जातियों की जाति आधारित जनगणना तुरंत कराने के साथ मूल निवासी बहुजन महापुरुषों की आरएसएस और भाजपा द्वारा संसद में की गई अवमानना का विरोध किए जाने की सांकेतिक पहल है। मंगलवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने शासन-प्रशासन से मांग की कि बोध गया के महाबोधि महाविहार की मुक्ति के लिए और वक्फ संशोधन विधेयक को असंवैधानिक बताते हुए वापस लिए जाने की मांग की। इसके साथ ही संवैधानिक अधिकारों के तहत शांतिपूर्ण तरीके से सड़कों पर उतरने के साथ अधिकारियों से मांग की कि नागरिकों की मौलिक एवं संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करते हुए उनकी रक्षा की जाए। इस बीच बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन जुलाई को भक्तों के बीच आ रहे रथ पर भगवान जगन्नाथ

## - रजत जयंती रथयात्रा महोत्सव आज से होगा प्रारंभ



**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बु.)।** इस्कॉन प्रचार समिति दो जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा रजत जयंती महोत्सव मनाने जा रही है। कार्यक्रम की इस कड़ी में तीन जुलाई को शाम नई मंडी से गांधी कॉलोनी के लिए रथयात्रा प्रारंभ होगी। इसके लिए इस्कॉन के भक्तों की विशेष टोलियां सक्रिय हो गई हैं। भक्त अपने हाथों से भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने के लिए उत्साहित हैं। समिति पदाधिकारियों ने जिला पुलिस प्रशासन से रथयात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने की अपील की है साथ ही लोगों से रथयात्रा मार्ग पर अपने वाहनों की पार्किंग न करने का अपील की है। इस्कॉन प्रचार समिति के प्रधान मनीष कपूर ने मंगलवार को नई मंडी स्थित स्थित एक रेस्टोरेंट में मीडिया से वार्ता के दौरान बताया कि दो जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ मौ. लक्ष्मण विहार स्थित बैंकट हॉल में भक्तों को दर्शन देने के लिए पधारेंगे। उनहोंने बताया कि भगवान के आगमन के उपलक्ष्य में साक्षी गोपालदास महाराज अपने भक्तों के साथ भव्य संकीर्तन करेंगे, जिसके बाद भगवान श्री को 56 भोग अर्पित करने के साथ दिव्य महाप्रसाद का वितरण होगा। समिति के वाईस चेयरमैन कुलवंत सिंघल व उपाध्यक्ष मनोज खण्डेलवाल ने बताया कि बुधवार 3 जौलाई को भगवान जगन्नाथ जी कि दिव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नई मंडी स्थित बिंदल बाजार से शुरू होकर भोपा पुल, सदर बाजार, शिव चौक होते हुए वहां से झांसी रानी, टाउनहाल रोड व मालवीय चौक के साथ विभिन्न मार्गों में परिक्रमा करते हुए गांधी कॉलोनी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर पर पहुंच कर संपन्न होगी, उसके बाद में भण्डारा होगा। उन्होंने बताया कि भगवान जगन्नाथ जी के विशाल रथ को भक्त अपने हाथों से रस्सी के सहारे खींचकर लेकर चलेंगे। रथयात्रा में बैण्ड-बाजे व नासिक का ढोल आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। उन्होने बताया कि इस वर्ष भगवान जगन्नाथ जी 25वीं बार अपने नगर आगमन पर भक्तों को दर्शन देंगे। इस दौरान राकेश जैन, अंशुल गर्ग, सौम्य कुच्छल, सचिन अग्रवाल, सचिन मित्तल, संदीप मित्तल, सतीश अरोरा, अम्बरीश कुमार, अमित, मयंक अग्रवाल, रोशन वर्मा, विकास गोयल, और विकास गर्ग आदि मौजूद रहे।



# जय समता पार्टी ने कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम दफ्तर पर किया विरोध प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बु.)।** जय समता पार्टी के बैनर तले मंगलवार को दर्जनों लोगों ने डीएम कार्यालय पर पहुंच जिले में चल रहे राजनीतिक दखल के बीच कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ भूमाफियाओं को लेकर शुरू हुए विवाद की निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की। सदर तहसील के मुस्तफाबाद गांव में कब्रिस्तान की भूमि को लेकर शुरू विवाद में जांच को प्रभावित किए जाने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री समेत अन्य जिम्मेदारों के नाम सौंपे ज्ञापन में जांच कराए जाने की मांग की। पार्टी ने इसके साथ चरथावल के ग्राम कसियारा के गरीब किसान की भूमि अवैध रूप से दबंगों द्वारा कब्जाने के साथ ही अन्य मामलों की जांच प्रभावित न होने तक एसडीएम सदर का तबादला न किए जाने के साथ राजनीतिक दखल को रोके जाने की मांग की।

# नौसेना ने अरब सागर में टाला बड़ा हादसा, जोखिम भरे ऑपरेशन को दिया अंजाम



**नई दिल्ली, 01 जुलाई (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना ने एक बार फिर जहाज में लगी आग को बुझाकर समुद्री सुरक्षा के प्रति अपनी त्वरित प्रतिक्रिया और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। यह आग उत्तरी अरब सागर में पलाउ-ध्वजवाहक टैंकर एमटी यी चेंग 6 पर लगी थी। इस बड़े अग्निकांड के दौरान नौसेना ने जोखिम भरे अग्निशमन और बचाव अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। नौसेना ने इस ऑपरेशन में समुद्री टैंकर पर मौजूद सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया। नौसेना के मुताबिक 29 जून की सुबह, मिशन-आधारित तैनाती पर मौजूद आईएनएस तबर को एमटी यी चेंग 6 से मेडे (आपातकालीन) कॉल प्राप्त हुआ। जहाज ने अपने इंजन कक्ष में भीषण आग लगने की सूचना दी। यह घटना फुजैरा, संयुक्त अरब अमीरात के पूर्व में लगभग 80 नॉटिकल मील की दूरी पर हुई। भारतीय नौसेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आईएनएस तबर को अधिकतम गति के साथ घटनास्थल की ओर रवाना किया। टैंकर के पास पहुंचकर, नौसेना ने जहाज के कप्तान से संपर्क स्थापित किया और तत्काल अग्निशमन अभियान शुरू किया। अग्निशमन अभियान पूरा होने के उपरांत मंगलवार को नौसेना ने बताया कि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, 7 क्रू सदस्यों को नौसेना की नौकाओं की मदद से आईएनएस तबर पर सुरक्षित रूप से निकाला गया। सभी समय पर की गई त्वरित कार्रवाई से किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सुरक्षित बचाए गए सभी लोगों को नौसेना की मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच प्रदान की गई है। नौसेना के मुताबिक जहाज के कप्तान सहित शेष क्रू सदस्य जहाज पर रहकर आग बुझाने के प्रयासों में शामिल रहे। आईएनएस तबर से 6 सदस्यीय अग्निशमन और क्षति नियंत्रण दल, विशेष उपकरणों के साथ आग बुझाने के लिए भेजा गया था। प्रारंभिक प्रयासों में ही आग की तीव्रता में काफी कमी आई और धुआं इंजन कक्ष तक सीमित कर दिया गया। इसके बाद अभियान को और तेजी देते हुए 13 अतिरिक्त नौसेना कर्मियों (5 अधिकारी और 8 नाविक) को भी जहाज पर तैनात किया गया। नौसेना का कहना है कि लगातार प्रयासों के फलस्वरूप आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है। जहाज पर तापमान की निगरानी और स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। आईएनएस तबर फिलहाल मौके पर ही मौजूद है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। भारतीय नौसेना के इस साहसी और कुशल प्रयासों ने न केवल टैंकर को बचाया, बल्कि सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की। यह घटना फिर एक बार यह सिद्ध करती है कि भारतीय नौसेना न केवल परिचालन रूप से सजग है, बल्कि भारतीय समुद्री क्षेत्र में मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए भी सदैव तत्पर है। यह भारत की प्रथम उत्तरदाता की भूमिका को और मजबूत करता है।

# पिछले दो सालों में यूपी में 68 अपराधियों को मिली मृत्युदंड की सजा




**लखनऊ, 1 जुलाई (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एक जुलाई 23 से 15 जून 25 के बीच प्रभावी कार्रवाई कर 97 हजार 158 दोषियों को विभिन्न श्रेणियों में न्यायालय से सजा दिलायी है जिनमें 68 दोषियों को मृत्यु दंड की सजा सुनायी गयी। एडीजी अभियोजना दीपेश जुनेजा ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अपराधियों को न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने के लिए एक जुलाई 23 को ऑपरेशन कन्विक्शन का शुभारंभ किया गया। इस दौरान 15 जून 25 तक एक लाख 14 हजार 29 चिन्हित वादों में से 74 हजार 388 वादों का निपटारा किया गया। इसमें 69 हजार 422 मामलों में अभियोजन सिद्ध हुआ और 97 हजार 158 अभियुक्तों को सजा दिलायी गयी। उन्होने कहा कि यह आंकड़े दर्शाते हैं कि पुलिस की कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ सिर्फ फाइलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि अदालतों तक पहुंचकर सख्त सजा दिलवाने में भी प्रशासन सफल रहा है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 68 अपराधियों को मृत्युदंड, 8172 को आजीवन कारावास, 1453 को 20 वर्ष से अधिक की सजा और 87465 अपराधियों को 20 वर्ष से कम की सजा सुनाई गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि योगी सरकार ने गंभीर अपराधों में त्वरित व प्रभावी न्याय सुनिश्चित किया गया है। एडीजी ने बतायाा कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित टॉप 10 दुर्दांत अपराधियों के 272 मुकदमों में 395 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। वहीं योगी सरकार की माफिया विरोधी नीति के तहत चिन्हित 69 माफियाओं में से 29 को सजा दिलाना प्रशासन की बड़ी सफलता है। यह दर्शाता है कि योगी सरकार का उद्देश्य केवल छोटे अपराधियों पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि संगठित अपराध को जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत 17 अभियुक्तों को मृत्युदंड दिलायी गयी है। इसमें एक माह में तीन अभियुक्तों को मृत्युदंड की सजा भी शामिल है। इसके अलावा पॉक्सो एक्ट के तहत ही 619 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दिलायी गई। यही नहीं गंभीर अपराधों में प्रभावी पैरवी के जरिए 68 अभियुक्तों को मृत्युदंड की सजा दिलाई गई, जिनमें से 48 गंभीर अपराधों, 17 पॉक्सो एक्ट के मामले और 3 एसीएल के मामले शामिल हैं। अभियान के तहत प्रति कार्य दिवस औसतन 143 चिन्हित मामलों का निस्तारण किया गया है और 187 अपराधियों को सजा दिलायी गई है।

# डीएस पब्लिक ने डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का अभिनंदन



**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बु.)।** डीएस पब्लिक स्कूल ने डॉक्टर्स डे पर नगर के चिकित्सकों का अभिनंदन करते हुए उनके द्वारा की गई उत्तम स्वास्थ्य हेतु आत्मीयता के साथ चिकित्सीय सेवाएं प्रदान करने के लिए आभार प्रकट करते हुए चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। स्कूल कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित एवं शिक्षक रजनीश शर्मा के साथ स्कूल के विद्यार्थियों ने नगर के चिकित्सकों के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा प्रकट करते हुए प्रतिष्ठित चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देते हुए सम्मानित किया। कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने जनपद के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ईश्वर चंद्रा, डॉ. समर्थ, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव जैन, सोमेश गुप्ता, डॉ. राजेश्वर सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा सिंह, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक गर्ग, गला एवं नाक कान रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक गोयल, वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. पंकज जैन, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुभव सिंघल आदि का उनके हॉस्पिटल पर पहुंचकर अभिनंदन करते हुए, उन्हें पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके उन्हें डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं दी। शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों का अभिनंदन करते हुए संदीप दीक्षित ने कहा कि चिकित्सक ईश्वर का दूसरा रूप होते हैं। चिकित्सीय सेवाओं के लिए विशेषकर आपदा काल में जिस प्रकार उन्होंने जनपद में अपनी चिकित्सीय सेवाएं दी हैं उसके लिए आभार प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया। विद्यार्थियों द्वारा दिए प्यार एवं सम्मान से अभिभूत हुए सभी चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को उत्तम स्वास्थ्य के लिए शुभ कामनाएं देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। सभी ने इस प्यार एवं सम्मान के लिए विद्यालय परिवार का भी आभार प्रकट किया।

# डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक फेडरेशन ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में हुई सम्पन्न



**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बुस.)।** डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक फेडरेशन भवन में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम फेडरेशन अध्यक्ष नीलकमल पुरी द्वारा डीएम एवं उपायुक्त उद्योग जैस्मिन का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक में उद्यमियों द्वारा उद्योग लगाने में आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मुजफ्फरनगर द्वारा बताया गया कि अरिहंत लेन का प्रस्ताव पास हो गया है और जल्दी ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। साथ ही उद्यमियों की मांग पर मेरठ रोड पर नाले को ढकने के निर्देश नगर पालिका को दिए गए। बैठक का आयोजन फेडरेशन हॉल में किया गया। बैठक में विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक माह उद्यमियों के साथ बैठक करते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण करें। बैठक में उपस्थित उद्यमियों ने विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से रखा। कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए इकाइयों में उत्पादन कार्य बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की गई, जिस पर डीएम ने आश्वासन दिया कि प्रशासन द्वारा उद्यमियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि वे उद्यमियों से बैठक कर समस्याओं का यथा शीघ्र निस्तारण करें। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि वे संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करें। बैठक का संचालन फेडरेशन के सह-सचिव आशीष गर्ग द्वारा किया गया, जिसके पश्चात बैठक की औपचारिक शुरूआत जीएम, डीआईसी द्वारा की गई। बैठक में उपयुक्त उद्योग जैस्मिन, क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण एवं उद्यमियों में राकेश जैन (उपाध्यक्ष), आशीष बंसल (कोषाध्यक्ष), अंकित संगल एवं अंकुर गर्ग (पूर्व अध्यक्ष), के.एल. अग्रवाल, अमित गर्ग, रवि नंदन, पवन कुमार गोयल (अध्यक्ष, आईआईए), जगमोहन गोयल (लघु उद्योग भारती आदि मौजूद रहे।

## पुलिस पर ग्रामीणों ने किया पथराव, चार पुलिसकर्मी घायल

**संभल,01 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में संभल जिले के धनारी क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर हुए विवाद की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया जिसमें चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि थाना धनारी के अंतर्गत ग्राम दरौली में ग्राम मझोला से सोमवार को बारात आई थी। रात्रि के समय डीजे पर डांस करने को लेकर बाराती एवं घराती पक्ष में विवाद हो गया और दोनों तरफ से पथराव होने लगा, पथराव में कई लोग घायल हो गए। विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया लेकिन दोनों पक्ष नहीं माने और पुलिस पर भी पथराव शुरू कर दिया। ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव में एक दरोगा एवं तीन अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस पर हमला करने में 45 से 50 लोग शामिल थे, जिनमें से 22 को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

## बादल फटने से चार लोगों की मौत, चार घायल,16 लापता

**शिमला, 01 जुलाई (वार्ता)** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भारी मानसूनी बारिश और बादल फटने की घटनाओं में अब तक चार लोगों की मौत हो गयी है और चार अन्य घायल हैं। इन वर्षा जनित हादसों में 16 अन्य लोग लापता हैं। पिछले 15 घंटों के दौरान सैंडहोल में 224 मिलीमीटर, मंडी में 216 मिमी और पंडोह में 215 मिमी बारिश दर्ज की गई जिससे अचानक बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं। इस दौरान बादल फटने से चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए तथा 16 अन्य लापता हैं। बचाव दल ने अब तक 287 लोगों को बचाया है जिनमें मंडी से 233, हमीरपुर में 51 और चंबा में तीन लोग शामिल हैं। इन घटनाओं में मकान, सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं जबकि 10 घर और 12 गौशालाएं नष्ट हो गई हैं। इनमें एक पुल बह गया और एनएच-305 अवरुद्ध हो गया जिससे कई लोग फंसे हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें करसोग, गोहर और थुनाग में फंसे लोगों को बचाने के लिए काम कर रही हैं। करसोंग में बादल फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि गोहर में दो घर बह जाने से नौ लोग लापता हैं। नदी का पानी बढ़ने के कारण पंडोह मार्केट से 100 से अधिक लोगों को निकाला गया।

## भ्रष्टाचार के मामले में इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति ग्लास को 13 साल की कैद

**क्विटो, 01 जुलाई (वार्ता)** इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लास को 2016 में आए विनाशकारी भूकंप के बाद पुनर्निर्माण के लिए रखे गए सार्वजनिक धन के गबन के मामले में 13 साल जेल की सजा सुनाई गयी है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। इक्वाडोर के समाचार पत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधिकरण द्वारा छह दिनों की सुनवाई के बाद सर्वसम्मति से यह सजा सुनाई गयी। सुनवाई के दौरान न्यायाधिकरण ने माना कि ग्लास एवं पुनर्निर्माण समिति के पूर्व सचिव कार्लोस बर्नेल ने मनाबी और एस्मेराल्डास प्रांतों की बजाय कम प्राथमिकता वाले भूकंप प्रभावित इलाकों में पुनर्निर्माण को वरीयता देकर धनराशि का दुरुपयोग किया था। मनाबी और एस्मेराल्डास सर्वाधिक भूकंप प्रभावित प्रांत थे जहां 7.8 की तीव्रता के भूकंप में 600 से अधिक लोगों की जान गयी थी। गौरतलब है कि श्री ग्लास भ्रष्टाचार के दो मामलों में जेल की सजा काट रहे हैं। वह व्यक्तिगत रूप से सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने खुद पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी पुनर्निर्माण प्रक्रिया के लिए धन का प्रबंधन नहीं किया था। यह फैसला एक प्रथम दृष्टया फैसला है और इसके खिलाफ अपील की जा सकती है। श्री ग्लास को अप्रैल 2024 में क्विटो में मैक्सिकन दूतावास पर छापे के दौरान गिरफ्तार किया गया था, जहां उन्होंने दिसंबर 2023 से शरण मांगी थी।

## खतौली कोतवाली उपनिरीक्षक ने हादसे का शिकार तीन यात्रियों की जान बचाई

**खतौली, 1 जुलाई (बु.)।** कोतवाली उपनिरीक्षक ने भीषण वर्षा के दौरान रात्रि में कार सवार तीन यात्रियों की जान बचाकर साहस का परिचय देते हुए इंसानियत की मिसाल कायम की। मिली जानकारी के अनुसार बारिश के दौरान एक स्विफ्ट कार गांव भलवा के निकट अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही वर्षा के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए कोतवाली की भूड़ पुलिस चौकी पर मौजूद उपनिरीक्षक आकाश शर्मा बिना कोई संकोच किये पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे तथा वर्षा में भीगते हुए पुलिसकर्मियों की सहायता से कार में सवार यात्रियों को तत्काल बाहर निकालकर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई। कार दुर्घटना में घायल यात्रियों की पहचान सुबोध पुत्र विजय प्रकाश, भूपेश शर्मा पुत्र हरिदत्त व ओमप्रकाश पुत्र रामकुमार शर्मा निवासी दिल्ली के रूप में हुई। बताया जाता है कि कार सवार यात्री हिमाचल प्रदेश के नैनीताल स्थित बाबा नीम करौली के कैंची धाम से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान गांव भलवा मोड़ पर वर्षा के दौरान कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी तथा कार सवार लोग दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उपनिरीक्षक आकाश शर्मा ने यात्रियों को दिल्ली रवाना कराया। कार सवार यात्रियों ने उपनिरीक्षक सहित पुलिसकर्मियों की कर्तव्य निष्ठा व इंसानियत की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# मयंक सिंघल बने रोटरी कुटुंब मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष

**मुजफ्फरनगर, 01 जुलाई (बुस.)।** रोटरी क्लब कुटुंब ने भव्य 60वीं रसोई का होटल रेडिएन्ट इन में आयोजन किया, जिसमें इस सत्र में मयंक सिंघल अध्यक्ष के रूप में, वरुण मित्तल सचिव के रूप में, कपिल बंसल कोषाध्यक्ष के रूप में और सभी मेंबरों ने रोटरी के बैनर तले, मानव सेवा व समाज सेवा में हमेशा अग्रसर रहने की शपथ ली। इस रोटरी अधिष्ठापन में डीआईजी अभिषेक सिंह सहारनपुर मंडल, डीएम उमेश मिश्रा, पवन शास्त्री (वास्तुविद), स्वामी ओमानन्द जी (सुखदेव आश्रम, शुक्रताल), राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, मीनाक्षी स्वरूप चेयरमैन नगरपालिका, रो. पायल गौर गवर्नर (2026-27) और दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सम्पादक अंकुर दुआ सहित वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डीआईजी अभिषेक सिंह ने रोटरी क्लब कुटुम्ब की इस रसोई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पुण्य कार्य में सभी को एक साथ होकर खड़े होना चाहिए। इस भव्य रसोई में 1000-1200 व्यक्ति जो भोजन करते हैं, यह पुण्य का कार्य अतुलनीय है। इस कार्यक्रम में कुटुंब संस्थापक रजत जिंदल, पूर्व अध्यक्ष पंकज सिंघल, संजय सिंघल, दीपक सिंघल, शरद सिंघल, आलोक गुप्ता, वैभव जैन, निशांत, अंकित बंसल, श्याम, नीरज अग्रवाल, अमित गुप्ता, संजय अग्रवाल, प्रफुल्ल, अनुराग, चिराग, मुकेश, अंकित आदि सभी मेंबरों का भरपूर सहयोग रहा। इस रोटरी नववर्ष में मयंक सिंघल की अध्यक्षता में संपन्न भव्य रसोई में लगभग 1200 व्यक्तियों ने भोजन किया। अन्त में अध्यक्ष मयंक सिंघल, सचिव वरुण मित्तल, कोषाध्यक्ष कपिल बंसल एवं सभी क्लब सदस्यों ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।







# थाईलैण्ड की प्रधानमंत्री शिनावात्रा हुई निलंबित

**बैंकॉक, 01 जुलाई (वार्ता)** थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पी शिनावात्रा को कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ फोन पर हुयी उनकी सेना विरोधी बातचीत के लीक होने के मामले की जांच होने तक निलंबित करने का आदेश दिया है।

अदालत ने संविधान उल्लंघन को लेकर सुश्री शिनावात्रा के खिलाफ दायर याचिका को आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। नेशन थाईलैंड की रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीशों ने मंगलवार को सर्वसम्मति से सुश्री शिनावात्रा पर नैतिकता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर विचार किया और उन्हें पद से निलंबित करने के लिए सात से दो मतों से मतदान किया। गौरतलब है कि सुश्री शिनावात्रा को कंबोडिया के साथ हालिया सीमा विवाद से निपटने के तरीके को लेकर देश में बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 28 मई को हुआ एक सशस्त्र टकराव शामिल है। इसमें एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया था। सीनेटरों के समूह ने अदालत से देश की संप्रभुता से जुड़े इस राजद्रोह के आरोप में सुश्री शिनावात्रा को प्रधानमंत्री पद से हटाने की अपील की है।




उल्लेखनीय है कि सुश्री शिनावात्रा का एक ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था, जिसमें वह कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ फोन पर बातचीत के दौरान द्वितीय सेना क्षेत्र के कमांडर की आलोचना कर रही है। सीमा तनाव के बीच कंबोडियाई नेता को खुश करने की कथित कोशिश करने के लिए उनकी कड़ी आलोचना की गयी, जबकि द्वितीय सेना क्षेत्र थाईलैंड के क्षेत्रों की रक्षा के लिए कड़ा रूख अपनाने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नैतिकता के कथित उल्लंघन के मामले में राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की जांच का भी सामना करना कर रही हैं। इससे पहले मंगलवार को थाई राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने भी कैबिनेट फेरबदल का समर्थन किया था।



यह पथरीला पथ भी मेरी आस्था और मेरे कदमों को नहीं रोक पाएगा। यही धारणा लिए शहर की टूटी-फूटी कच्ची सड़क से अपने गंतव्य को जाता शिवभक्त

# तेलंगाना: फार्मा फैक्ट्री धमाके में मृतकों की संख्या 36 तक पहुंची, बिहार से भी जाएगी एक जांच टीम

**संगारेडी, 01 जुलाई (एजेंसी)।** तेलंगाना के संगारेड्डी ज़िले के पासामईलरम औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार सुबह एक फार्मा कंपनी के रिएक्टर में विस्फोट के कारण कम से कम 36 लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि लापता लोगों की तलाश अभी भी जारी है. मिली जानकारी के मुताबिक विस्फोट के समय वहां 143 लोग मौजूद थे, जिनमें से 58 को बचाया जा चुका है, जबकि बाकी लापता हैं। घायलों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मारे गए लोगों के लिए सहायता राशि की घोषणा की है। रेवंत रेड्डी ने कहा है कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को सहायता राशि के रूप में एक-एक करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जो लोग इस हादसे के लिए ज़िम्मेदार हैं, उन पर सख़्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा, "हम पूरी घटना की ठीक से जांच करेंगे और जहां भी गलती हुई है, उसे ठीक करने के लिए नए नियम बनाएंगे." "जो लोग हादसे में मारे गए हैं, उनके परिवार को तुरंत खर्च के लिए 1 लाख रुपये दिए जाएंगे और घायलों के परिवार को 50 हजार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा मृतकों के परिवार को 1 करोड़ रुपये, गंभीर तौर पर घायल लोगों को 10 लाख रुपये और बाकी घायलों को 5 लाख रुपये दिए जाएंगे." स्थानीय पुलिस ने बीबीसी को बताया कि यह दुर्घटना सोमवार सुबह 9 से 9:30 बजे के बीच हुई. विस्फोट का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन इस फार्मा कंपनी में रासायनिक पदार्थों से नमी हटाने का काम होता है। फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट के अधिकारियों का मानना है कि यह दुर्घटना संभवतः रासायनिक पदार्थों से नमी हटाने की प्रक्रिया के दौरान एयर प्रेशर में बदलाव के कारण हुई होगी। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि इसकी वजह से केमिकल प्यूरिफिकेशन प्लांट की पूरी इमारत ध्वस्त हो गई। विस्फोट स्थल के पास स्थित अन्य इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। रसायन ले जाने वाली पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं। राहत और बचाव के काम में कई बुलडोजर, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां, एंबुलेंस, मेडिकल, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमें लगी हुई हैं। ज़िला कलेक्टर, एसपी और मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा और विवेक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। विपक्ष के नेता हरीश राव और अन्य दलों के नेताओं ने भी घटनास्थल का दौरा किया।



# बाराबंकी में 18 साल पुराने मामले में 12 को उम्रकैद

**बाराबंकी 1 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले की एक अदालत ने वर्ष 2007 में हुऐ गंगवार,हत्या और बलबा मामले में एक पक्ष के 12 आरोपियों को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को एक लाख अठारह हजार रुपए अर्थ दण्ड की सजा सुनायी है जबकि दूसरे पक्ष के पांच लोगों को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देकर तीन वर्ष कारावास की सजा से दण्डित किया।

विशेष न्यायाधीश वीना नारायण ने मंगलवार को यह सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना पटरंगा के गांव सरैथा जो अब अयोध्या में है, के निवासी कृष्ण मगन ने बताया कि वह पंचायत का प्रधानी चुनाव जीत गए थे इससे गांव के अजय वा उनके साथी रंजिश मानते थे। चार मार्च 2007 को वे शिव नगर चौराहे पर मंशा राम के साथ गए थे,इसी बीच गांव के अजय सिंह व सहाजराम आ गए और कोटे की दुकान को लेकर विवाद शुरू हो गया। इस दौरान मंशा राम अपने घर वापस लौट आए। कुछ देर बाद अजय, जगन्नाथ, विनोद, कृष्ण मगन सिंह, राम चंदर तिवारी, सहज राम, करुणा शंकर, संजय मिश्रा, साहब बक्स, रामसागर यादव, मुन्ना सिंह, मुकुट सिंह, प्रमोद, राम प्रसाद, कट्टा, फर्शा, लाठी डंडा तथा राकेश तिवारी, राम विजय, जमुना मिश्रा बन्दूक वा कई लोगों के साथ आ गए और फायर तथा मारपीट करने लगे। उन्होंने चेतराम, सुन्दर लाल, दरबारी, राम सिंह, लालाराम, मिलन, ननकू को मारपीट कर घायल कर दिया। बाद में घायल चेतराम की मृत्यु हो गई थी। लम्बे समय तक चली सुनवाई के बाद न्यायालय ने कृष्ण मगन सिंह,अजय सिंह,जगन्नाथ,विनोद सिंह,सहज राम, करुणा शंकर, संजय मिश्रा, साहब बक्स सिंह, मुन्ना सिंह, मुकुट सिंह, प्रमोद सिंह वा राकेश तिवारी को दोषी करार देकर आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को एक लाख अठारह हजार रुपए अर्थ दण्ड से दण्डित किया।दौरान मुकदमा राम चंदर,राम सागर,राम प्रसाद,राम विजय,जमुना मिश्रा वा हरि मगन सिंह की मृत्यु हो गई। इनमे जगन्नाथ,संजय मिश्रा तथा मुकुट सिंह के कोर्ट पर हाजिर न रहने के कारण कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट का भी आदेश दिया। दूसरे पक्ष से पुलिस ने 10 आरोपियों के विरुद्ध चार्ज शीट कोर्ट में दायर की थी। इनमें राम सिंह,मंशा राम,अमरेश, ननकु वा सर्वजीत को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देकर तीन वर्ष के कारावास वा अर्थ दण्ड से दण्डित किया।

## आजमगढ़ में मां और बच्चों को गोली मार कर की आत्महत्या

**आजमगढ़ 1 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के जहानागंज क्षेत्र में मंगलवार को घरेलू कलह के चलते एक युवक ने बुजुर्ग मां और अपने दो मासूम बच्चों को गोली मार दी और बाद में खुद को भी गोली मारकर मौत को गले लगा लिया। इस घटना में मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि एक बच्ची गंभीर रुप से घायल है ,जिसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है । पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि घटना आज दिन में हुई है ,जब मुस्तफाबाद गांव निवासी नीरज पांडे ने एक अवैध तमंचे से अपनी मां तथा अपने दो बेटों को गोली मार दी । इसके बाद इसी पिस्तौल से उसने खुद को भी गोली मार लिया। इस घटना में नीरज (37) और उसकी मां चंद्रकला (55) की मौके पर ही मौत हो गई। नीरज के दो बच्चों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां सार्थक (4) को मृत घोषित कर दिया गया वहीं सात वर्षीय बच्ची सुबी की हालत गंभीर है।

# ट्रम्प ने एलन मस्क को दी धमकी, कहा- दुकान बंद कर वापस अफ्रीका लौटना होगा

**अमेरिका, 01 जुलाई (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के बीच चल रही तकरार थमने का नाम नहीं ले रही है। वाद-विवाद के इस सिलसिले में ट्रंप ने एक बार फिर एलन मस्क को खुलेआम धमकी दे डाली है। ट्रंप का कहना है कि मस्क को अपनी दुकान बंद करके घर वापस जाना पड़ सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर पोस्ट शेयर करके एलन मस्क को चेतावनी दी है। ट्रंप का कहना है कि वो मस्क की कंपनी को दी जाने वाली सब्सिडी पर रोक लगा सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ पर लिखा, एलन मस्क अब तक बहुत सब्सिडी ले चुके हैं। इतनी सब्सिडी इतिहास में कभी किसी इंसान को नहीं मिली होगी। सब्सिडी के बिना मुमकिन है कि एलन मस्क को अपनी दुकान बंद करके अपने घर साउथ अफ्रीका वापस जाना पड़ सकता है। यही नहीं, ट्रंप ने एलन मस्क को टेरिफ तक लगाने की भी चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा-सब्सिडी के बिना मस्क न कोई रॉकेट लॉन्च कर सकेंगे, न कोई सैटेलाइट लॉन्च होगी, न इलेक्ट्रिक गाड़ियों का प्रोडक्शन होगा और हमारा देश भी बच जाएगा। हमें लगता है मस्क को इस संदर्भ में कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इससे बहुत सारा पैसा बचाया जा सकता है। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान एलन मस्क की आलोचना के बाद सामने आया है। हाल ही में मस्क ने ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल की आलोचना की थी। एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए ट्रंप की पार्टी को सुअरों की पार्टी करार दिया था। साथ ही उन्होंने अमेरिका में नई पार्टी बनाने का भी संकेत दिया था।



# मस्क ने नई पार्टी बनाने का आह्वान किया

**वाशिंगटन 01 जुलाई (वार्ता)** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख कानून पर तीखा हमला करते हुए अरबपति एलन मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का आह्वान किया है।

श्री मस्क ने बताया कि "पागलपन भरे विधेयक" में रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर की ऋण सीमा वृद्धि से आम अमेरिकियों को बहुत नुकसान होगा। श्री मस्क सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "इस विधेयक के पागलपन भरे खर्च से यह स्पष्ट है जो ऋण सीमा को रिकॉर्ड पाँच ट्रिलियन डॉलर (पांच लाख करोड़ डालर) तक बढ़ाता है कि हम एक पार्टी वाले देश में रहते हैं - पोर्की पिग पार्टी! एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में लोगों की परवाह करती है।" अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रमुख व्यय बिल ऐसे समय में हुई है जब एक सप्ताहांत की बातचीत और देरी के बाद सीनेट में घरेलू नीति विधेयक का मैराथन मतदान सत्र चल रहा है। सीएनएन के मुताबिक सीनेट के बहुमत नेता जॉन थून ने सदन में संवाददाताओं को बताया कि "उम्मीद है कि हम जल्द ही जान जाएंगे" कि क्या रिपब्लिकन के पास विधेयक को पारित करने के लिए वोट हैं। उन्होंने कहा, "इसमें थोड़ा समय लग सकता है।" श्री मस्क ने रिपब्लिकन विरोधी बयानबाजी को बढ़ा दिया है, विधेयक के "पागलपन खर्च" की आलोचना की और दावा किया कि यह रिपब्लिकन पार्टी को डेमोक्रेट से अलग नहीं दिखाता है। श्री मस्क ने एक्स पर पोस्ट किया, "जो कोई भी खर्च कम करने के वादे पर अभियान चलाता है, लेकिन इतिहास में सबसे बड़ी ऋण सीमा वृद्धि पर वोट करना जारी रखता है, उसका चेहरा अगले साल प्राथमिक चुनाव में इस पोस्टर पर दिखाई देगा और आगे चेतावनी दी यदि यह पागलपन वाला खर्च विधेयक पारित हो जाता है, तो अगले दिन अमेरिका पार्टी का गठन किया जाएगा। हमारे देश को डेमोक्रेट-रिपब्लिकन यूनिपार्टी के विकल्प की आवश्यकता है ताकि लोगों के पास वास्तव में एक आवाज हो।" उन्होंने तर्क दिया कि यह विधेयक साबित करता है कि डेमोक्रेट और रिपब्लिकन एक ही "पोर्की पिग पार्टी" का हिस्सा हैं जो आम अमेरिकियों के हितों पर बेतहाशा खर्च को प्राथमिकता देती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पूर्व समर्थक मस्क ने कहा कि नई राजनीतिक पार्टी उन अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व करेगी जो मौजूदा द्वि-पक्षीय प्रणाली से वंचित महसूस करते हैं।



- "वन बिग ब्यूटीफुल बिल" की आलोचना

# 'बर्दाश्त नहीं किया जाएगा', एनएचएआई अफसर पर हमले से भड़के गडकरी, सीएम सुक्खू को किया फोन

हिमाचल, 01 जुलाई (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पीआईयू अधिकारी अचल जिंदल को पिटने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारी को पिटने को लेकर नाराजगी व्यक्त की है. उन्होंने, इसकी निंदा करते हुए शासन का अपमान बताया है.

नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा, हिमाचल के पंचायती राज मंत्री और उनके सहयोगियों की ओर से एनएचएआई पीआईयू शिमला के प्रबंधक अचल जिंदल पर किया गया हमला निंदनीय है और कानून के शासन के खिलाफ है. अपना काम कर रहे अधिकारियों पर इस तरह का क्रूर हमला करना न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डलता है, बल्कि संस्थागत गरिमा को भी चोट पहुंचाता हैह्न. उन्होंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मामले में हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की मांग की है. सुक्खू सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर एनएचएआई अधिकारी अचल जिंदल के साथ मारपीट करने के आरोप में मुकादमा दर्ज किया गया है. ढली थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है. सोमवार को पेश आया था मारपीट का मामला. बीएनएस की धारा 132, 121(1), 352, 126(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है. शिमला ग्रामीण के रव्व्ट के सामने पूरी घटना हुई है. सेंट्रल इंजीनियरिंग सर्विस ऑफिसर एसोसिएशन ने नितिन गडकरी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी. एनएचएआई के चेयरमैन ने हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव को मंत्री अनिरुद्ध सिंह और एनएचएआई अधिकारी के बीच हुई झड़प को लेकर पत्र लिखा था. मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आज (मंगलवार) सुबह नितिन गडकरी से इस मामले पर बात हुई है. हमने कहा है कि कानून के दायरे के अंतर्गत जो कार्रवाई होनी चाहिए, वो होगी. मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, देवभूमि के लिए इससे ज्यादा दुर्भाग्य क्या होगा कि एक मंत्री का नाम एफआईआर में आए. ये कहा जाए कि एनएचएआई के अधिकारी को कमरे में बंद करके उनके सिर फोड़ने का काम किया जाए. आखिर हिमाचल में कोई सरकार है भी या नहीं है? और अगर सरकार है तो सरकार के मंत्री किस काम में लगे हुए हैं?



## बहराइच में दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

**बहराइच, 01 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले की एक अदालत ने बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनायी। पीठासीन अधिकारी दीपकान्त मणि, अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) ने मंगलवार को यह सजा सुनायी। घटना की एफआईआर में पीड़िता ने यह रिपोर्ट दी थी कि वह अनुसूचित जाति की है और उसकी 11 वर्षीय पुत्री तिलक समारोह में कृष्णमुरारी विश्वकर्मा के घर गई थी। वहाँ अभियुक्त ने बच्ची को बुलाकर अश्लील हरकतें कीं। मामला पुलिस में तब दर्ज हुआ जब पीड़िता की मां ने थाना कोतवाली देहात में शिकायत दी। एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 376(3) और पॉक्सो एक्ट की धाराएं 3/4 लागू की गईं। विवेचना के दौरान क्षेत्राधिकारी श्राजीव कुमार सिसोदिया ने साक्ष्य संकलित कर आरोप-पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने अभियुक्त कृष्णमुरारी विश्वकर्मा को यह सजा सुनायी है।

# मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपए कोष वाली आरडीआई योजना को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली,1 जुलाई (वार्ता)** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये के कोष के साथ शोध विकास एवं नवाचार (आरडीआई) योजना को मंगलवार को मंजूरी दे दी । मंत्रिमंडल की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि देश के शोध एंव नवाचार तंत्र को मजबूत करने के लिए यह एक परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने बताया कि नवाचार को आगे बढ़ाने और शोध प्रकिया के व्यवसायीकरण में निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए आरडीआई योजना काफी महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य शोध, विकास और नवाचार में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर दीर्घकालिक वित्तपोषण करना है। इस योजना को निजी क्षेत्र के वित्तपोषण में बाधाओं और चुनौतियों को दूर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह नवाचार को सुविधाजनक बनाने, प्रौद्योगिकी अपनाने को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए है। उन्होंने कहा कि योजना में निजी क्षेत्र को उभरते क्षेत्रों और आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) का शासी बोर्ड आरडीआई योजना को व्यापक रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा। एएनआरएफ की कार्यकारी परिषद (ईसी) योजना के दिशा-निर्देशों को मंजूरी देगी और दूसरे स्तर के फंड मैनेजरों तथा उभरते क्षेत्रों में परियोजनाओं के दायरे और प्रकार की सिफारिश करेगी। कैबिनेट सचिव के नेतृत्व में सचिवों का एक अधिकार प्राप्त समूह (ईजीओएस) योजना के कामकाज की समीक्षा करने के अलावा योजना में बदलाव, क्षेत्रों और परियोजनाओं के प्रकार के साथ-साथ दूसरे स्तर के फंड मैनेजरों को मंजूरी देने के लिए जिम्मेदार होगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) आरडीआई योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग के रूप में काम करेगा। दीर्घकालिक, किफायती वित्तपोषण के लिए निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण आवश्यकता को देखते हुए, आरडीआई योजना आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है, जिससे देश के लिए एक अनुकूल नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की सुविधा मिलती है क्योंकि यह 2047 में विकसित भारत की ओर अग्रसर है।

# कैबिनेट ने राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली, 01 जुलाई (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को स्वीकृति दे दी है। देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देने और खेलों के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक यह ऐतिहासिक पहल है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि नई नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति, 2001 का स्थान लेगी और देश को वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने और वर्ष 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और कार्यनीतिक रोडमैप तैयार करेगी।

एनएसपी 2025 को केंद्रीय मंत्रालयों, नीति आयोग, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ), खिलाड़ियों, खेल विशेषज्ञों और सार्वजनिक हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद तैयार किया गया है। यह खेल नीति पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित है।

**1. वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता**

**इसका उद्देश्य है:**

- खेल प्रतिभा की शीघ्र पहचान और उसे तैयार करने के तंत्र सहित जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक खेल कार्यक्रमों को सुदृढ़ करना।
- प्रतिस्पर्धी लीग और प्रतियोगिताओं की स्थापना को बढ़ावा देना, और ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में खेल बुनियादी ढांचे का विकास करना।
- प्रशिक्षण, कोचिंग और खिलाड़ियों को सहयोग के लिए विश्व स्तरीय प्रणाली बनाना।
- राष्ट्रीय खेल महासंघों की क्षमता और प्रबंधन को बढ़ाना।
- खेल प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए खेल विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी को अपनाने को प्रोत्साहित करना।
- कोच, तकनीकी अधिकारियों और सहायक कर्मचारियों सहित खेल कर्मियों को प्रशिक्षित और विकसित करना।

**2. आर्थिक विकास के लिए खेल**



**एनएसपी 2025 में खेलों की आर्थिक क्षमता पर जोर दिया गया है और इसका उद्देश्य है:**

- खेल पर्यटन को बढ़ावा देना और भारत में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन कराने का प्रयास करना।
- खेल विनिर्माण परितंत्र को मजबूत करना, और इस क्षेत्र में स्टार्टअप तथा उद्यमिता को बढ़ावा देना।
- सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी), कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) और अभिनव वित्तपोषण पहलों के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना।

**3. सामाजिक विकास के लिए खेल**

- नई खेल नीति में सामाजिक समावेशन को आगे बढ़ाने में खेलों की भूमिका पर जोर है: केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, आदिवासी समुदायों और दिव्यांगजनों के बीच भागीदारी को बढ़ावा देना।
- स्वदेशी और पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना और बढ़ावा देना।
- शिक्षा से खेलों को जोड़कर, स्वयंसेवा को प्रोत्साहित करके और दोहरे करियर के रास्ते को सुविधाजनक बनाकर खेलों को एक व्यवहार्य करियर विकल्प के रूप में स्थापित करना।
- खेलों के माध्यम से भारतीय प्रवासियों को शामिल करना।

**4. जन आंदोलन के रूप में खेल**

**खेलों को राष्ट्रीय आंदोलन बनाने के लिए खेल नीति का उद्देश्य है:**

- राष्ट्रव्यापी अभियानों और समुदाय-आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से खेल में जन भागीदारी और फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देना।
- स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों आदि के लिए फिटनेस सूचकांक शुरू करना।
- खेल सुविधाओं तक सबकी पहुंच को बढ़ाना।

**5. शिक्षा के साथ एकीकरण (एनईपी 2020)**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, एनएसपी 2025 में निम्नलिखित प्रस्ताव हैं:

- स्कूली पाठ्यक्रम में खेलों को शामिल करना।
- खेल शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण से तैयार करना।

**6. कार्यनीतिक रूपरेखा**

**अपने उद्देश्यों को साकार करने के लिए, एनएसपी 2025 में एक व्यापक कार्यान्वयन कार्यनीति है, जिसमें हैं:**

- शासनः कानूनी ढांचे सहित खेल प्रशासन के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा स्थापित करना।
- **निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और सहयोगः** नवीन वित्तपोषण तंत्र विकसित करना और पीपीपी और सीएसआर के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी को शामिल करना।
- **प्रौद्योगिकी और नवाचारः** प्रदर्शन ट्रैकिंग, अनुसंधान और कार्यक्रम कार्यान्वयन के लिए एआई और डेटा एनालिटिक्स सहित उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाना।
- **राष्ट्रीय निगरानी रूपरेखाः** अच्छी तरह से परिभाषित मानदंड, प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) और समयबद्ध लक्ष्यों के साथ एक राष्ट्रीय रूपरेखा बनाना।
- **राज्यों के लिए आदर्श नीतिः** एनएसपी 2025 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा, जो उन्हें इन राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप अपनी नीतियों को संशोधित करने या तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।
- **समग्र सरकारी दृष्टिकोणः** इस नीति में समग्र प्रभाव प्राप्त करने के लिए सभी मंत्रालयों और विभागों की गतिविधियों, योजनाओं और कार्यक्रमों में खेल प्रोत्साहन को जोड़ने का आह्वान।
- अपनी संरचित दृष्टि और दूरदर्शी कार्यनीति के साथ, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 देश को वैश्विक स्तर पर अग्रणी खेल राष्ट्र बनने की दिशा में एक परिवर्तनकारी पथ पर स्थापित करेगी। इसके साथ ही यह नीति स्वस्थ, अधिक संलग्न और सशक्त नागरिक बनाएगी।